श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 176, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 25 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मणिपुर पर संसद में हंगामा

आप सांसद संजय सिंह सस्पेंड, खड़गे का आरोप- विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश, शाह बोले- सरकार चर्चा को तैयार

नई दिल्ली: संसद में मानसून सत्र के तीसरे दिन मणिपुर मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों को 25 जुलाई (मंगलवार) सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर सभापति जगदीप धनखड़ से बहस कर रहे अअढ सांसद संजय सिंह को पूरे मानसून सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर सभापति का आदेश न मानने का आरोप है। सस्पेंड करने के बाद उन्हें बाहर जाने को भी कहा गया। विपक्षी सांसदों ने इस कार्रवाई का विरोध किया है। संजय सिंह के निलंबन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- ये पहली बार नहीं है कि कोई विरोध जता रहा है। सभी लोग संसद में विरोध करते हैं। लोकतंत्र में बोलने की आजादी है, बोलने के लिए जो संसद आता है उसे मौका मिलना चाहिए। आज सरकार की मंशा है कि किसी ना किसी तरीके से आवाज को बंद किया जाए। पिछली बार भी उन्होंने ऐसा ही किया था। संजय सिंह ने सदन से बाहर आकर कहा- देश के प्रधानमंत्री सदन में आकर मणिपुर की हिंसा पर जवाब क्यों नहीं दे रहे। एक आर्मी के योद्धा की पत्नी के कपड़े उतारकर परेड कराई गई, ये शर्मनाक है। भारत की सेना और भारत के 140 करोड़ लोगों का सिर शर्म से झुक गया है। प्रधानमंत्री सदन में आकर जवाब नहीं दे रहे। इसी के कारण मैंने 267 का नोटिस दिया था। पहले 15 मिनट तक मैं चेयर (आसंदी) से अनुरोध करता रहा कि मुझे 267 के तहत बोलने का मौका दिया जाए। जब उन्होंने मौका नहीं दिया तो मैंने चेयर के पास जाकर अनुरोध किया कि मणिपुर पर चर्चा कराइए। एक सरकार मणिपुर पर बात करने के लिए तैयार नहीं है। हमारा विरोध जारी रहेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मैं अपना धरना जारी रखूंगा। हमने सभी पॉलिटिकल पार्टियों से कहा है कि इस आंदोलन में शामिल हों। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है- मैं सदन में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हूं। मुझे नहीं पता कि वो (विपक्ष) यह चर्चा क्यों नहीं होने दे रहे। मेरा आग्रह है कि विपक्ष चर्चा होने दे, ताकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश के सामने सच्चाई पहुंचे। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया की मांग है कि प्रधानमंत्री मोदी संसद के दोनों सदनों में मणिपुर मामले पर बयान दें। वहीं, भाजपा नेता कह रहे हैं कि वे संसद में चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

संजय सिंह के सस्पेंशन का प्रस्ताव ध्वनि मत से पास हुआ:

राज्यसभा में संजय सिंह सभापति के आसन के पास जाकर बहस कर रहे थे। धनखड़ ने उन्हें वापस अपनी सीट पर जाने के लिए कहा, लेकिन संजय नहीं गए।

मणिपुर का सच सामने नहीं आने देना चाहता विपक्ष: शाह



नई दिल्ली: गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन विपक्ष पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि हमारी सरकार मणिपुर की स्थिति पर लोकसभा में चर्चा करने के इच्छुक हैं, लेकिन आश्चर्य की बात है कि विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है। बता दें कि आज संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन था, जो पहले दो दिन की तरह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा में संक्षेप में बोलते हुए उन्होंने विपक्षी नेताओं से चर्चा की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए कहा कि मणिपुर मुद्दे पर देश के सामने सच्चाई आना जरूरी है। मणिपुर मुद्दे पर पहले के तीन स्थगन के बाद दोपहर 2.30 बजे जैसे ही सदन दोबारा शुरू हुआ, शाह ने विपक्ष पर हमला बोला। शाह ने कहा कि विपक्षी नेता जानबूझकर चर्चा करने नहीं दे रहे, क्योंकि वो सच बाहर नहीं आने देना चाहते।

पीएम मोदी के बयान देने पर अड़ा विपक्ष: सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के नेता मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। लेकिन, जब विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री के बयान की मांग करते हुए अपना विरोध जारी रखा, तो अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

मोदी अगर मणिपुर पर सदन में बोल देंगे तो आसमान थोड़ी फट जाएगा': कांग्रेस

नई दिल्ली: संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन भी आज हंगामे की भेंट चढ़ गया। एक ओर जहां विपक्ष मणिपुर मामले को लेकर पीएम मोदी के सदन में बयान की मांग पर अड़ा हैं, वहीं सरकार चर्चा की अपील कर रही है। इस बीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सरकार और पीएम मोदी पर कटाक्ष किया है।

आसमान नहीं फट जाएगा...: पीएम के बयान की मांग को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मोदी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा, मामले की गंभीरता को देखते हुए अगर प्रधानमंत्री मणिपुर पर चर्चा के लिए सदन में आते हैं तो आसमान नहीं गिर जाएगा। इस मामले पर चर्चा दुनिया भर में हो रही है। यूरोप से लेकर अमेरिका और अन्य जगहों पर ये चर्चा में है। यह अकेले गृह मंत्रालय का मामला नहीं है, बल्कि पूरे देश का मामला है। इसलिए, हम सुझाव दे रहे हैं कि पीएम खुद आएं।

शक्तिसिंह गोहिल ने भी साधा निशाना: कांग्रेस नेता शक्तिसिंह गोहिल ने भी केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मणिपुर जल रहा है ।

मणिपुर हिंसा: आज देश भर में विरोध प्रदर्शन करेगी आप

नई दिल्ली: मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर आम आदमी पार्टी मंगलवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से तत्काल दखल देने की मांग भी की है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने सोमवार को बताया कि मणिपुर पिछले तीन महीनों से हिंसा और वहशीपन की आग में दहक रहा है। वहां सरेआम लोगों को मारा-काटा और मकान जलाए जा रहे हैं। महिलाओं के साथ बर्बरता की हदें पार की जा रही हैं, लेकिन वहां की भाजपा सरकार इस पर कुछ करने की जगह हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। राय ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा को वहां की भाजपा सरकार शांत करने के बदले उल्टे भड़का रही है। समुदायों के बीच नफरत फैलाई जा रही है। इन सबके बीच सबसे दुखद और आश्चर्यजनक यह है कि केंद्र सरकार भी इस पर कुछ करने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जारी इस भीषण हिंसा में दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों लोग अनाथ हो

गए और हजारों लोग पलायन कर अन्य राज्यों में भाग गए। महिलाओं की सरेआम आबरू लूटी गई लेकिन राज्य से लेकर केंद्र तक की सरकारें चुप हैं। यह सब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और इसके खिलाफ ह्यआपह्न कल पूरे देश में सड़कों पर उतरेगी। राय ने कहा कि पार्टी ने देश के सभी कार्यकताओं से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अनुरोध किया है। दिल्ली में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की तैयारी की गई है। इस मुद्दे को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संसद में प्रधानमंत्री को बयान देना चाहिए। प्रधानमंत्री क्यों छुप कर बैठे हुए हैं, उनको सामने आना चाहिए। अगर मणिपुर जल रहा है तो जनता कहां जाएगी।

ज्ञानवापी में एएसआई सर्वे पर लगी रोक

अब हाईकोर्ट तय करेगा सर्वे होगा या नही, वादी पक्ष के अधिवक्ता बोले,हाईकोर्ट के फैसले पर नजर

वाराणसी: ज्ञानवापी परिसर में सोमवार से शुरू एएसआई सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट के दो दिन तक रोक लगाने से वादी हिन्दू पक्ष ने भी हाईकोर्ट जाने का निर्णय लिया है। हाईकोर्ट में वादी पक्ष के अधिवक्ता प्रतिवादी मसाजिद कमेटी की याचिका पर आपत्ति दर्ज कराएंगे। वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा है कि हमारी कानूनी टीम उच्च न्यायालय पहुंच रही है और हम सुप्रीम कोर्ट के रोक का विरोध करेंगे। ज्ञानवापी की सच्चाई एएसआई के सर्वेक्षण के बाद ही सामने आएगी। उच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट की किसी भी टिप्पणी से प्रभावित हुए बिना मामले का फैसला करेगा, इलाहाबाद अपनी योग्यता के आधार पर मामले का फैसला करेगा। वादी पक्ष के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद अगली कार्रवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हाईकोर्ट के फैसले पर नजर है। हमें उम्मीद है कि यहां से भी हमारी जीत होगी। गौरतलब है कि वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने गत शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सील किए गए वुजूखाने के क्षेत्र को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वे कराने का आदेश दिया था। एएसआइ निदेशक को सर्वे की रिपोर्ट चार अगस्त को अदालत में पेश करने का आदेश भी दिया था। जिला जज के आदेश के पालन में सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण(एएसआइ)टीम सर्वे के लिए ज्ञानवापी परिसर में पहुंची थी।

शिवभक्तों पर योगी सरकार ने कराई पुष्पवर्षा

बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर और अयोध्या में सरयूतट पर हुई पुष्पवर्षा

लखनऊ। सावन में प्रदेश में शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा का क्रम तीसरे सोमवार को भी जारी रहा। सावन के पिछले दो सोमवार को जहां काशी, मेरठ और सहारनपुर में पुष्पवर्षा की गई, वहीं तीसरे सोमवार को रामनगर, बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में हेलीकॉप्टर द्वारा कावंड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। इसके अलावा अयोध्या में भी सरयूतट पर शिवभक्तों पर योगी सरकार ने पुष्पवर्षा करायी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले 06 साल से प्रदेश में शिवभक्तों का बिल्कुल खास तरीके से सम्मान किया जा रहा है। सरकार की ओर से न सिर्फ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जा रही है।

यूपी एटीएस ने 74 रोहिंग्या मुसलमान अरेस्ट किए

हापुड़/मेरठ: देश में अवैध तरीके से घुसने वाले विदेशियों की तलाश के लिए यूपी एटीएस ने प्रदेश के कई जिलों में बड़ी कार्रवाई की। एटीएस की इस कार्रवाई में अलग-अलग जगहों से दर्जनों रोहिंग्या मुसलमान पकड़े गए। एटीएस की जांच में गिरफ्तार किए गए रोहिंग्याओं को संबंधित थाने में रखा गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। एटीएस की इस कार्रवाई में अब तक अलीगढ़, हापुड़ और मथुरा से रोंहिग्याओं की गिरफ्तारी की सूचना मिली है। एटीएस व पुलिस टीम ने 16 रोहिंग्या की गिरफ्तार हापुड़ मेरठ एटीएस की टीम ने थाना धौलाना पुलिस के साथ छापामार कार्रवाई कर गांव खिचरा से 16 रोहिंग्या मुसलमान को गिरफ्तार किया है। टीम ने सभी को थाने में रखा हुआ है। जहां उनसे पूछता जारी है। पूछताछ के बाद कई बड़े मामलों से पर्दा उठ सकता है। अधिकारी अभी अधिक जानकारी देने से इंकार कर रहे हैं।

अलीगढ़ में 17 रोहिंग्या मुस्लिम पकड़े: अलीगढ़ में एटीएस ने कोतवाली नगर थाना पुलिस के साथ मिलकर मखदूम नगर से 17 रोहिंग्या मुस्लिमों को गिरफ्तार किया है। इनमें 10 महिलाएं व सात पुरुष हैं। ये लोग मूलरूप से म्यांमार के हैं और अवैध रूप से यहां रह रहे थे। सभी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

मथुरा में 40 रोहिंग्या कर रहे थे व्यापार: इसके अलावा, मथुरा में एटीएस ने जैंत पुलिस के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई की है। जैंत थाना क्षेत्र में अल्हेपुर और कोटा गांव में झोपड़ी डालकर रह रहे ।

बिकवाली के दबाव में टूटा शेयर बाजार

नई दिल्ली: सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ही सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक दबाव और कई कंपनियों के नतीजे में आई नरमी के कारण शुरू से ही बाजार में नेगेटिव माहौल बना रहा। हालांकि, खरीदारों ने बीच-बीच में तेज लिवाली करके सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद बिकवाली के दबाव से शेयर बाजार उबर नहीं सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान एनर्जी, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। एफएमसीजी इंडेक्स बिकवाली के दबाव में 2 प्रतिशत तक लुढ़क गया। इसी तरह बैंकिंग, ऑयल एंड गैस तथा मेटल इंडेक्स में भी 0.5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना नजर आया।

आज बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति करीब 16 हजार करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 301.93 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

मंत्रियों विधायकों ने मारा, लाल डायरी छीन ली: राजेंद्र सिंह

वे लाल डायरी को विधानसभा के पटल पर रखना चाह रहे थे

जयपुर: राजस्थान की अशोक गहलोत की अगुवाई वाली सरकार से बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने खुलासा किया है कि वे लाल डायरी को विधानसभा के पटल पर रखना चाह रहे थे लेकिन कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों ने उनके साथ मारपीट कर उनसे वो डायरी छीन ली। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश की हर बहन-बेटी, उनकी बहन-बेटी है, वे उन्हें अपनी बहन से भी बढ़कर मानते हैं। उन्होंने कहा कि "मैं महाराव शेखाजी का वंशज हूं, जिनकी तीन पीढ़ियों ने महिला सम्मान के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मंत्री विधायक दुष्कर्मी हैं। उनके साथ मंत्री- विधायकों का नारको टेस्ट करवाना चाहिए, इनमें से बहुत से बलात्कारी निकलेंगे। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सदन से बाहर निकाले जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए गुढ़ा ने कहा कि मैंने इस सरकार को 2008 और 2018 में संकट के वक्त साथ दिया और आज उन्होंने ही मुझे विधानसभा के अंदर लात घूंसों से मारा है। मुझे नीचे गिरा दिया गया। रुंआसे होते हुए गुढ़ा ने कहा कि वे लाल डायरी को सदन के पटल पर रखने के लिए लेकर गये थे लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। इतना ही नहीं, कांग्रेस के विधायक और मंत्रियों ने उन्हें लात घूंसे मारे, उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला गया। उनसे लाल डायरी का एक हिस्सा छीन लिया गया लेकिन उन्होंने दावा किया कि उनके पास एक हिस्सा बाकी है, जिसमें मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सारे कारनामे लिखे हुए हैं। गुढ़ा ने कहा कि उनका कसूर सिर्फ इतना था ।कि वे अपने क्षेत्र में महिलाओं और बच्चियों के साथ में हो रही दुष्कर्म की घटनाओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अगर सच बोलने की सजा उन्हें मिली है तो यह सजा वे भुगतने के लिए बार बार तैयार हैं।

उप्र में बिजली की मांग पहुंची अट्ठाइस हजार मेगावाट के पार

लखनऊ: उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गयी है। अधिकारी और शासन के लोग कहते हैं जिला मुख्यालयों और महानगरों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति है, लेकिन हकीकत में जिला मुख्यालयों पर सात से आठ घंटे तक विद्युत कटौती स्थानीय दिक्कतों के कारण हो रही है। इसका कारण है पावर कारपोरेशन के अनुमान से अधिक बिजली की मांग। रविवार को अधिकतम बिजली की मांग 28,043 मेगावाट पहुंच गयी। यह स्थिति तब रही, जब बिजली कटौती भी होती रही। यदि निर्बाध विद्युत आपूर्ति रहती तो 29 हजार मेगावाट के पार पहुंच जाती। रविवार को यह अधिकतम मांग रात को 10 बजकर 42 मिनट पर पहुंची थी। वहीं रविवार को ही न्यूनतम डिमांड 17,915 मेगावाट रही। पावर कारपोरेशन का



कहना है कि एवरेज सप्लाई महानगर, मंडल और जिला मुख्यालयों पर 24 घंटे की रही, जबकि अधिकांश जिला मुख्यालयों पर एवरेज दो से तीन घंटे न्यूनतम विद्युत कटौती रही। उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम0 देवराज ने बताया कि पूर्व में उपलब्धता के बेहतर मैनेजमेन्ट के कारण प्रदेश में प्रर्याप्त विद्युत उपलब्धता विभिन्न श्रोतों से बनी हुई है। विगत 22 जुलाई को विद्युत मांग 27622 मेगावॉट तक पहुंच गई थी उसके पूर्व जून में मांग 27611 मेगावाट गई थी। वहीं रविवार को नया रिकार्ड बना है।

अध्यक्ष ने विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपूर्ति व्यवस्था बाधित ना हो सबको शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो, इसके लिए पूरी सावधानी बरतें।

ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों तो उन्हें अति शीघ्र बदला जाए। शक्ति भवन में आयोजित वर्कशॉप में सोमवार को अध्यक्ष ने कहा कि हमें विद्युत उपभोक्ता के जीवन स्तर को सुधारने हेतु अधिक संवेदनशील एवं सजग रहना है। विद्युत कार्मिक स्पशार्घात आदि की दुर्घटनायें न हों इसके लिये विशेष सर्तकता रखे।

असम में चल रही परिसीमन प्रक्रिया पर नहीं लगेगी रोक

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने असम में चल रही परिसीमन प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने असम के दस विपक्षी दलों के नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, असम सरकार और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है।

दरअसल, 10 विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर असम में चल रही परिसीमन प्रक्रिया में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और 20 जून की अधिसूचना को चुनौती दी है। इसमें असम में 126 विधानसभा और

14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा को फिर से समायोजित करने का प्रस्ताव किया गया है। सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले विपक्षी दलों में कांग्रेस के देबब्रत सैकिया, रोकिबुल हुसैन, रायजोर दल अखिल गोगोई, असम जातीय परिषद के लुरिनज्योति गोगोई, सीपीएम के मनोरंजन तालुकदार, सीपीआई के मुनीन महंता, तृणमूल कांग्रेस के घनाकांता चुटिया, एनसीपी के महेंद्र भुईयां।

नैनी के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ में सक्रिय हुए चोर उचक्के

नैनी विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) टीम, जिला अपराध निरोधक समिति की टीम पुलिस मित्र की चौकस निगाहों को मात देकर सोमेश्वर महादेव मंदिर से तीन महिलाओं के गले से चोर तोड़ ले गए सोने की चेन

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में सावन महीने के तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। इसी भीड़ के बीच चोर उचक्के की टीम भी सक्रिय हो गई है। हैरानी की बात है इतनी मुश्तैदी जिसमें पुलिस की विशेष टीम, जिला अपराध निरोधक समिति की टीम पुलिस मित्र सबको मात देकर चोरों ने अपना काम कर लिया और किसी को भनक तक नहीं लगी। वो भी एक नहीं तीन महिलाओं के गले से तोड़ ली गई चेन।

बता दें कि 24 जुलाई के सोमवार को नैनी कोतवाली अंतर्गत सोमेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने गई तीन महिलाओं के गले से सोने की चेन चोर उचक्के ने उड़ा दी और उन्हें भनक तक नहीं लगी। जब दर्शन करके महिलाएं बाहर निकली तब पता चला कि उनके गले से जंजीर गायब है। तीनों महिलाओं ने नैनी कोतवाली में इसकी शिकायत की है। नैनी के अरैल गंगा तट पर भगवान चंद्रमा द्वारा स्थापित सोमेश्वर महादेव का मंदिर है। यहां पर सोमवार को भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने वालों का अच्छा खासा मजमा लगता है।

बाबा के दर्शन के लिए लंबी लाइन लगती है। इसी लंबी लाइन में भक्तों के साथ चोर उचक्के भी लगकर हाथ साफ करना शुरू कर दिए हैं। दो सोमवार तक तो कोई घटनाएं नहीं हुई लेकिन तीसरे सोमवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर में 3 महिलाओं के गले से सोने की चेन उड़ा दी गई। अरैल की रहने वाली शांति देवी और कुसुम देवी सोमवार को मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए गई थी। वह बाहर फूल, धतूर और दूध लेकर अंदर लाइन में लगी। लाइन में लगकर उन लोगों ने दर्शन किया, लेकिन जब बाहर निकली तो पता चला कि दोनों के गले से उनकी सोने की जंजीर गायब है। इसी दौरान एक तीसरी महिला तारा देवी भी आ गई, जो कि पीडीए कॉलोनी, नैनी की रहने वाली थी। उनके गले से भी सोने की चैन उड़ा दी गई थी। तीन - तीन महिलाओं के गले से सोने की चेन उड़ाने की सूचना से वहां खलबली मच गई, लेकिन लंबी भीड़ होने की वजह से किसी ने चोर उचक्को पर ध्यान नहीं दिया। महिलाओं ने वहां मौजूद पुलिसवालों को बताया। पुलिस वालों ने उन्हें चौकी जाने की सलाह दी। बाद में कुसुम और शांति देवी ने इस संबंध में अरैल पुलिस चौकी में सूचना दी। चौकी इंचार्ज अरैल परमानंद सिंह का कहना है कि दो महिलाओं की जंजीर गायब होने की सूचना मिली है। चोरों का पता लगाया जा रहा है।

जिला अपराध निरोधक समिति की टीम सावन के तीसरे सोमवार को भी पुलिस प्रशासन के साथ रही मुस्तैद

नैनी। नैनी सोमवार जिला अपराध निरोधक समिति की यमुनानगर युथ टीम सावन के तीसरे सोमवार में भी आज सुबह 4:30 बजे से सोमेश्वर नाथ मंदिर में अपनी सेवा प्रशासन के साथ मिलकर भोले भक्तों की सेवा में उपस्थित रहे जिसमें प्रशासन की ओर से अरेल चौकी प्रभारी परमानन्द एसआई अमित सिंह एसआई सुरेन्द्र सिंह एसआई उमाशंकर यादव एसआई प्रेम कान्त सिंह हेड कांस्टेबल जमशाद अंसारी सिपाही गुलशन कुमार यादव महिला सिपाही सनम यादव आदि पुलिस बल के साथ तैनात हैं यूथ टीम की ओर से बलराम मिश्रा लक्ष्मीनारायण गौतम सुजीत कुमार गौतम सोनू भारतीया अरविन्द दुबे प्रफुल्ल केसरवानी मनीष विश्वकर्मा आदि सदस्यगण यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में उपस्थित है।

सोमेश्वर महादेव मंदिर में एसपीओ टीम रही मुस्तैद

नैनी। नैनी विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ/ पुलिस मित्र सोमेश्वर महादेव मंदिर के परिसर में एसपीओ टीम सुबह 7:00 बजे से तैनात रही उप जिलाधिकारी करछना, पुलिस अधीक्षक यमुनानगर करछना, प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह ,चौकी प्रभारी के अदेशनुसार ,एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह के दिशा निर्देश पर सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल और उनकी टीम उपस्थित रही उपस्थित लोगों का नाम निम्लिखित हैं प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जन संपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली रविंद्र सिंह थाना प्रभारी रवि मिश्रा वीरेंद्र पटेल सीनियर एरिया इंचार्ज राम जी जयसवाल, सुशील शर्मा, दिनेश केशरवानी, रमेश, दीपक,आकाश केशरवानी, शुजल केशरवानी, रोहित,रवि, अजीजुर्र रहमान, वशीम खान, मनीष रावत, सुरेंद्र गुप्ता, राजू सहनी, अरविंद, और अश्वनी शर्मा उपस्थित रहे!

शॉर्ट सर्किट से लगी आग कईयों के आशियाने जलकर हुए खाक

अखंड भारत संदेश

करछना। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हथसरा पूरा टिकुरी में बीती रात ननकू राम पुत्र केदारनाथ के घर में बिजली की शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लग गई देखते देखते आस पड़ोस के कई घर आग के आगोश में आ गए ग्रामीणों एवं पास पड़ोस के लोगों द्वारा अथक प्रयास के बावजूद भी आशियाने को बचाया नहीं जा सका फायरब्रिग्रेड टीम को सूचना दी गई थी मौके पर पहुंचते पहुंचते तब तक सब जलकर राख हो गया था, जिसके चलते तीन चार घरों के घर गिरस्ती के सभी सामान कपड़ा बर्तन चारपाई बिस्तर अनाज सहित सब जलकर राख

हो गया पीड़ित परिवारों के पास रहने के लिए एक अदद छप्पर भी नहीं है प्रधान शिव गणेश पटेल पीड़ित परिवारों को सहायतार्थ एवं मदद के लिए उतरे हैं उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी सूरत में आशियाने को और घर गिरस्ती को पटरी पर पूरा लाने का प्रयास करेंगे इस आशय की जानकारी संबंधित हल्का लेखपाल एवं तहसीलदार करछना को देखकर पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता राशि की मांग की है।

लापता फर्नीचर मिस्त्री सकुशल वापस लौटा घर परिजनो में खुशी

मेजा। संदिग्ध परिस्थितियों में फर्नीचर मिस्त्री के लापता होने से परिजनों में अनहोनी की आशंका बनी हुई थी लापता व्यक्ति को लेकर परिजनों ने थाने लिखित शिकायत कर दो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार भी लगाई थी। गौरतलब है कि बीते रविवार को रात्रि में मेजारोड पुलिस चौकी क्षेत्र के बंधवा, डेलौहा गांव निवासी आशाराम विश्वकर्मा चार दिन पूर्व लापता हो गए थे बता दें कि सोमवार को सकुशल वापस घर लौटने से परिजनो ने राहत की सास ली है आशा राम विश्वकर्मा के घर वापस आने की खबर जैसे ही आस पास के लोगो व नात रिस्तेदारो को हुई मिलने वालो की भीड़ इक्कठा हो गई।आशा राम विश्वकर्मा से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मेरा मानसिक संतुलन बिगड़ गया था जिसके कारण मैं घर आने के बजाय दूसरा रास्ता पकड़ लिया था न तो मुझे फोन उठाने की हिम्मत नही कर पा रहा था। वही परिजनो मे खुशी है कि सकुशल घर वापस आ गये।

पौधारोपण से पर्यावरण एवं जन जीवन सुरक्षित- प्रधान

जंघई। अनुवां गांव में तालाब संख्या 619 एवं तालाब संख्या 669 अमृत सरोवर तालाब एवं शिव मंदिर प्रांगण में अनुवां ग्राम प्रधान संजू देवी पत्नी प्रमोद कुमार के द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण करते हुए प्रधान ने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज मिला तन ढकने के लिए कपड़ा मिला घर के लिए लकड़ी मिली। इनसे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, उसके जीवन का आधार हैं अमूमन सभी मजहबों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों को पूजा जाता है विभिन्न वृक्षों में विभिन्न देवताओं का वास माना जाता है। इस अवसर परा विनोद पांडेय, प्रमोद कुमार उपाध्याय, अंबिका प्रसाद पांडेय, गामा प्रसाद पांडेय, आशुतोष कुमार पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

चंपापुर फीडर पर प्रदर्शन, जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग

अखंड भारत संदेश

जंघई। विगत एक हफ्ते से जले तुलापुर, जंघई के ट्रांसफार्मर को बदलवाने के लिए स्थानीय निवासियों ने सोमवार दोपहर को चंपापुर विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि विगत एक हफ्ते से ट्रांसफार्मर जला हुआ है दो बार शिकायत दर्ज कराया गया, बार बार विद्युत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सूचित किया गया परंतु ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा रहा है जिसके कारण इस उमस भरी गर्मी में महिलाएं, बच्चों एवं किसानों का बुरा हाल है। इलियाश अहमद, राजकुमार दुबे, मोहम्मद इस्लाम, राजेंद्र गुप्ता, इबरान अली, सिराज अहमद, आशिक अली, सिरताज अली, अबीद अली, रियाज अली उपभोक्ताओं ने अबिलंब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग किया है।

ब्लाक करछना में बिजली व्यवधान से दिन भर काम काज रहा ठप

अखंड भारत संदेश

करछना। विकासखंड में लगभग महीनों से बिजली जनरेटर एवं सोलर पैनल में आए व्यवधान के चलते कार्य प्रभावित चल रहा है यहां तक कि नए जनरेटर की व्यवस्था की गई लेकिन वह भी धड़ाम हो गया वही सोलर पैनल का स्टेबलाइजर खराब होने के कारण हफ्तों से सोलर पैनल से सप्लाई भी प्रभावित है तथा बिजली भी शॉर्ट सर्किट की वजह से फ्यूज उड़ जाने से सोमवार को पूरा दिन ब्लॉक का कामकाज पूरी तरह ठप रहा दूरदराज से आए प्रधान सचिव सहायक सचिव एवं फरियादियों को सारा सिस्टम बंद होने के कारण किसी भी प्रकार का काम नहीं हो सका ब्लॉक कर्मी अपनी कुर्सियों को छोड़कर ब्लॉक परिसर में टहलते

नजर आए ऐसी व्यवस्था से दूरदराज से आने वाले फरियादियों में गुस्सा भी देखने को मिला तथा उनका कहना है कि विकास का कार्य गांव में पहुंचाने वाले विकासखंड की यह पहल खुद धड़ाम हो गई है जो अपने ऑफिस की बिजली जनरेटर सोलर पैनल के सहारे सारी योजनाएं संचालित की जा रही है उसका कोई पुरसाहाल तक नहीं है आक्रोश व्यक्त करते हुए आए हुए फरियादी वापस लौट गए।

न्यूज झरोखा

चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में गूंजा हर हर महादेव, भक्तों ने किया जलाभिषेक

जंघई। सावन के तृतीय सोमवार को चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाकर अभिषेक किया इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शिव भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए और शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद, घी चढ़ाकर अभिषेक किया शिवजी को प्रिय भांग, धतूरा, बेलपत्र, फूल चढ़ाए गए। धूपबत्ती और घी के दीपक जलाकर आरती उतारी गई मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा सभी ने पूजन अर्चन किया एवं परिवार समाज की सुख समृद्धि भलाई हेतु महादेव से प्रार्थना किया। मंदिर के संस्थापक बबलू दुबे द्वारा मंदिर प्रांगण को विधिवत रूप से सुसज्जित किया गया है एवं भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनी वंदना तिवारी

करछना। भाजपा समर्थक मंच के प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा श्रद्धा शुक्ला के निर्देश पर भाजपा समर्थक मंच में वन्दना तिवारी को प्रयागराज जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है । जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर वन्दना तिवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत के साथ गति प्रदान करना एवं महिलाओं को उनके अधिकार और समाज के उच्च शिखर तक ले जाने का कार्य किया जाएगा , वंदना तिवारी को भाजपा महिला मोर्चा से जुड़ी भाजपा कार्यकताओं एवं मोर्चा की महिला पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

पर्यावरण की शुद्धता हेतु वृक्षारोपण जरूरी : अविनाश यादव

पसना। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत तहसील परिसर कोरांव में पौधरोपण का कार्य किया गया जिसमें इमली ,करंज आंवला के पौधे लगाए गए।उप जिलाधिकारी कोराँव अविनाश यादव ने कहा कि आज के प्रदूषित वातावरण में शुद्ध पर्यावरण की आवश्यकता है,जिसमें हर व्यक्ति को अपना योगदान देना आवश्यक है। बार एसोसिएशन कोराँव के अध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी जी ने उपजिलाधिकारी जी से निवेदन किया कि तहसील परिसर में जितने वृक्ष लगाए गए हैं उन सभी को एक-एक लेखपालों को गोद दे दिया जाए जिसकी उनकी देख रेख व सुरक्षा संभव हो सके।वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्री रामचंद्र तिवारी पूर्व अध्यक्ष ,श्री विनय मिश्रा, रोहिणी तिवारी, बाल गोविंद पांडे जी, जगदीश प्रसाद सिंह, रामेश्वर तिवारी पूर्व अध्यक्ष यादवेन्द्र अहीर ऑडिटर कौशलेश प्रसाद तिवारी (महाकाल) आशुतोष तिवारी ,अनुराग श्रीवास्तव ,सुरेश यादव, जगदीश प्रसाद पांडे, संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश वर्मा रघुनंदन श्रीवास्तव, आदि अधिवक्ता लोग मौजूद रहे।

पंचायत कर्मी की मौत पर प्रमुख ने शोक जताकर दिया मदद का भरोसा

करछना। विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत अंतहिया में कार्यरत सफाई कर्मी अमर बहादुर निषाद कि गत दिनों छत से गिरकर घायल हो गया था जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था बीती रात इलाज के दौरान उसकी आकस्मिक मौत हो गई जिसकी सूचना पर परिजनों एवं विकास खंड करछना के कर्मियों को मिलने पर गहरा शोक व्यक्त किया विकासखंड करछना में सोमवार को समस्त ब्लॉक कर्मियों प्रधान सचिव ब्लॉक प्रमुख सफाई कर्मियों ने ब्लॉक कर्मी के आकस्मिक मौत पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त कर ईश्वर से प्रार्थना की गई वहीं पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी की अगुवाई में परिजन को लगभग ?100000 सहायता का सहयोग करने का भरोसा दिया , इस मौके पर समस्त पंचायत सचिव रोजगार सेवक ब्लॉक कर्मी में प्रमुख लोगों में धीरेश गुप्ता खंड विकास अधिकारी रमाकांत पांडे एडीओ पंचायत मनीष शुक्ला मनरेगा प्रभारी सचिव रामसकल बृजेंद्र द्विवेदी, मोहम्मद आरिफ अरविंद गुप्ता सुरेश पांडे, राम सकल कमल सिंह अमित यादव मनीष सिंह दुष्यंत प्रताप, अतुल मिश्रा, मानवेंद्र नारायण मिश्र,अमरेश सिंह महेश कुमार अक्षत सिंह दीपेश सिंह आरती यादव सहित सभी पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

एक जुआड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। बाग में जुआ खेल रहे जुआडियों के फड पर पुलिस का छापा एक गिरफ्तार शेष फरार।पुलिस ने गिरफ्तार जुआडी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के हरिसेनगंज गांव निवासी शिवबाबू पुत्र अशरफी लाल जुआडियों के साथ गांव के ही एक बाग में जुआ खेल रहा था। पुलिस ने दबिश दे कर शिवबाबू को गिरफ्तार कर लिया।शेष जुआडी भागने में सफल रहे। शिवबाबू के पास से जुआ के फड का 425 रुपए,65 रुपया जामातलाशी तथा बावन ताश के पत्ते बरामद कर के मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है।

शुद्ध जल और वायु के लिए वृक्षा रोपण जरूरी : राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

कोराव। वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत भाजपा विधायक राजमणि कोल,ब्लॉक प्रमुख मुकेश कुमार कोल,खंड विकास अधिकारी कोरांव धीरेंद्र सिंह यादव,एडीओ पंचायत कोरांव,दिनेश चंद्र पाठक,युवा कल्याण अधिकारी कोरांव प्रशांत कुमार दुबे तथा ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने मनरेगा पार्क अलहवा तथा प्राथमिक विद्यालय और स्मृति वाटिका अलहवा में पौध रोपण किया। विधायक राजमणि ने मनरेगा पार्क अलहवा और स्मृति वाटिका, अमृत सरोवर, बैकुंठ धाम आदि विकास कार्यों का जायेजा लेने के उपरांत ग्राम प्रधान की सराहना करते सचिवालय भवन अलहवा में ग्रामीणों

को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्ध जल वायु के लिए पौध रोपण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उक्त ग्राम सभा के समग्र विकास हेतु सहायता के लिए घोषणा भी की। मुकेश कुमार ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम प्रधान के मांग पर सेवती नदी पर ग्राम सभा घूस आवागमन के लिए पाइप युक्त रपटा तथा कुछ मार्ग निर्माण आदि निर्मित करवाने का आश्वासन दिया। खण्ड विकास शिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि वृक्ष से ही जल और जल से ही अन्न की प्राप्ति होती है,इसी लिए हर नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना और उसकी सुरक्षा करना नितांत आवश्यक है। उन्होंने भी गांव के विकास में अपनी सहभागिता का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। इस अवसर पर सदस्य छेत्र पंचायत देवघाट उमाशंकर सिंह पटेल,रामपुर सोसायटी के अध्यक्ष,तथा विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला पंकज कुमार दीक्षित अध्यापक, रामबहादुर कोल, अजीज अहमद पूर्व प्रधान, सुर्यदिन सिंह पटेल रोजगार सेवक, अखिलेश सिंह,पंचायत सहायक,पूर्व बीडीसी हिंचलाल कोल,अनस अहमद प्रधान प्रतिनिधि सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार विभिन्न इलाकों में पौधरोपण कार्यक्रम के आयोजन वन विभाग द्वारा भी आयोजित हुए।

बीज खरीदने गया किसान की बाइक चोरी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। बाइक खड़ी कर के बीज खरीद रहे किसान की बाइक चोरी हो गई ।भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय केशव उर्फ बागी गांव निवासी हरी लाल पुत्र राधेश्याम अपनी बाइक लेकर खाद बीज खरीदने ब्लाक आया था। बताते हैं कि वह राजकीय कृषि बीज भंडार परिसर में बाइक खडी कर-के बीज खरीदने लगा जब वापस लौटा तो बाइक नदारद रही। भुक्तभोगी हरी लाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

घुघा गांव में लाखों की चोरी

कोराव। थाना कोरांव इलाके के ग्राम घूघा में भईलाल पुत्र तौलन के घर बीती रात चोरों ने 35 हजार नगदी और जेवरात मिला कर लाख रुपए भर की चोरी चोर कर ले गए। पुलिस को ग्राम प्रधान घूघां ने दी है। पुलिस ने मौके का मुआयना किया। भाईलाल ने थाना पुलिस कोराव से रपट देते हुए मल बरामदगी और चोरों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

रामगढ़ धाम में निकली कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। शंकरगढ़ के ऐतिहासिक और पौराणिक रामगढ़ धाम सोमवार से शिवपुराण कथा से गुलजार हो गया है। शिवभक्तों ने सोमवार को 21 दिवसीय कथा के शुभारंभ के मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली। रामगढ़ धाम से निकली कलश यात्रा ओसा गांव होते हुए सोनवर्षा गांव पहुंची, जहां लोगों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। इसके पश्चात कलश यात्रा रामगढ़ गांव होते हुए रामगढ़ धाम पहुंचकर समाप्त हुई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन के महीने में शिव महापुराण कथा का आयोजन रामगढ़ धाम के महंत संत नंदलाल महाराज के सानिध्य में क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। संत नंदलाल महाराज बताया कि रामगढ़ धाम भगवान श्रीराम के वन गमन की यादों को समेटे हुए हैं। जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास को चले थे, तब गंगा नदी पार करने के बाद गींज पहाड़ी होते हुए रामगढ़ धाम आए थे। यहां पर उन्होंने शिवलिंग की स्थापना कर पूजन-अर्चन किया था। उन्होंने बताया कि रामगढ़ धाम में स्थित भोले बाबा का जिस भी भक्त ने श्रद्धा से पूजन-अर्चन

हर-हर महादेव के उद्घोष संग शिवपुराण कथा शुभारंभ, पौराणिक शिवनगरी में 21 दिनों तक चलेगी शिवपुराण कथा

किया, उसकी मनोकामना पूर्ण हुई है। उन्होंने बताया सावन के महीने में प्रतिवर्ष सुबह 4:00 बजे से ही शिव भक्तों का तांता लग जाता है, जो देर शाम तक चलता रहता है। संत नंदलाल महाराज ने बताया कि सोमवार को कलश यात्रा के बाद मंगलवार से कथावाचक पंडित अरुण मिश्र के द्वारा शिव महापुराण का कथा वाचन 21 दिनों तक किया जाएगा। इन दिनों में प्रतिदिन आने जाने वालों शिव भक्तों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। सुबह सभी भक्तों को चाय और नाश्ता दिया जाएगा। दोपहर में भोजन दिया जाएगा और शाम को पुनः चाय दी जाएगी। इसके बाद रात्रि में भोजन दिया जाएगा। उन्होंने बताया यह सब क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से संपन्न होता है। कलश यात्रा में रामगढ़ धाम के बाबा मालकी दास, बाल्मीकि दास, पवन दास, बालक दास, मोहनदास, किशुन दास सहित दर्जनों संतों के अलावा क्षेत्र के इंद्रभान सिंह, विजय सिंह, सचिन सिंह, प्रेम कुमार, सुनीता देवी, हरि गोपाल, वीरेंद्र कुशवाहा आदि शामिल रहे।

खबर संक्षेप

शंकरगढ़ पुलिस ने नाबालिग अपहृता को किया बरामद

शंकरगढ़। 22 जुलाई को घर से सामान लेने के लिए निकली किशोरी का अपहरण कर लिया गया था। शिकायत मिलने पर शंकरगढ़ पुलिस ने तत्काल केस दर्ज किया और छानबीन शुरू की। पुलिस ने नाबालिग को सोमवार को सकुशल बरामद कर लिया। शंकरगढ़ थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के शिवराजपुर के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री देर रात करीब नौ बजे घर से सामान लेने के लिए स्थानीय बाजार की तरफ गई थी, लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 363 का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। तहकीकात में जुटे शंकरगढ़ थाने के एसआई अमरेंद्र सिंह ने अपनी सहयोगी महिला कांस्टेबल मंजरी सिंह के साथ उक्त नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है।

नैनी स्टेशन रोड पर चौड़ीकरण के लिए नाप हुई

नैनी। नैनी स्टेशन रोड पर सोमवार को अफरा तफरी मची रही सरकारी नाप-जोख को लेकर वहां के दुकानदारों और उनके परिजन में हड़कंप मचा रहा। स्टेशन रोड पर 24 मीटर गहराई चिन्हित किया है। जबकि इसी सड़क पर हनुमान नगर से मेवालाल की बगिया चौराहा तक मार्ग के दोनों तरफ 12-12 मीटर गहराई तक चिन्हीकरण किया है। वहीं कुछ दुकानदारों ने अधिकारी के जाने के बाद सड़क से मीटर लगाकर अपने दुकान के अंदर तक नापे हैं पहले जो नाप हुई थी 12 मीटर दुकान के अंदर तक जाती थी।

शहर के लोग खुद करेंगे गृहकर का मूल्यांकन, जीआईएस सर्वे निरस्त

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। बढ़े गृहकर एवं विसंगतियों को लेकर शहरियों को बड़ी राहत मिली है। जीआईएस सर्वे को निरस्त कर दिया गया है। इसके बजाय शहरी गृहकर का खुद मूल्यांकन करेंगे और उसी आधार पर तत्काल बिल जारी किया जाएगा। नगर निगम सदन की दूसरी बैठक में रविवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। हालांकि, किसी ने गलत जानकारी दी तो उसे जुमार्ने का भी भागी बनना होगा।निगम की ओर से जीआईएस सर्वे कराया गया था। पहले चरण में 93 हजार से अधिक भवनों का सर्वे हुआ था और उसी के आधार पर गृहकर का निर्धारण किया गया था। इसकी वजह से गृहकर में 25 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। कई भवनों का तो 10 गुना तक गृहकर बढ़कर आया। इसमें कई तरह की विसंगतियां भी सामने आईं। इसे लेकर शहरियों में नाराजगी रही और 10 हजार से अधिक लोगों ने आपत्ति भी दर्ज कराई।पार्षदों की ओर से भी इसे लेकर लगातार आपत्ति जताई जा रही थी। पार्षद जीआईएस सर्वे को निरस्त कर स्व गृहकर मूल्यांकन व्यवस्था

को लागू करने की मांग कर रहे थे। मांग पर इसे सदन की बैठक में भी शामिल किया गया। इस पर चर्चा के दौरान पार्षदों का कहना था कि जीआईएस सर्वे पर उनका विश्वास नहीं है। सभी पार्षदों ने जीआईएस सर्वे को निरस्त करने एवं स्व गृहकर मूल्यांकन की व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इसी क्रम में सदन में दोनों प्रस्ताव मंजूर कर लिए गए। सदन में एक प्रारूप को भी मंजूरी दी गई। भवन स्वामियों को इस पर पूरी जानकारी देनी होगी। साथ ही शपथ पत्र भी देना होगा कि इसमें दी गई जानकारी पूरी तरह से सही है। गलत जानकारी देने पर जुमार्ने के साथ अन्य कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है, जो निगम निर्धारित करेगा। यह व्यवस्था 2022-23 से लागू की जाएगी। जिन लोगों ने गृहकर जमा कर दिया है, लेकिन इससे संतुष्ट नहीं हैं, वे आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। महापौर गणेश केसरवानी ने इन प्रस्तावों को मंजूर किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गृहकर की अन्य विसंगतियों को भी दूर किया जाएगा। लोग आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

31 अक्तूबर तक देना होगा स्व गृहकर मूल्यांकन का शपथ पत्र

शहरियों को निर्धारित प्रारूप में स्व गृहकर मूल्यांकन का शपथ पत्र 31 अक्तूबर तक देना होगा। नगर निगम में शपथ पत्र देने पर तत्काल गृहकर निर्धारित कर बिल दे दिया जाएगा। इसे देखते हुए गृहकर में 10 प्रतिशत की छूट एवं ब्याज माफी योजना को भी 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अक्तूबर कर दिया गया है।

वकीलों ने निकाला विरोध मार्च, वीरेन सिंह सरकार की जवाबदेही तय करने की मांग

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मणिपुर में जारी हिंसा, अराजकता और महिलाओं के शरीर पर अमानवीय, बर्बर, वीभत्स हिंसा के विरोध में एआईएलयू के बैनर तले हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर प्रतिमा पर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। मणिपुर में महिलाओं के शरीर को जाति वर्चस्व कायम करने का विषय मत बनाओ, वीरेन सिंह सरकार को बर्खास्त करो, कानून व्यवस्था पर मणिपुर सरकार की जवाबदेही तय करो, मणिपुर में संविधान का अनुच्छेद 355 लागू करो, पहाड़ों और उसके संसाधनों पर आदिवासी बनवासी अधिकारों की रक्षा करो, पहाड़ों पर खनिज संसाधनों पर पूंजीपतियों की लूट के लिए मणिपुर में जाति हिंसा के सूत्रधारों को बेनकाब करो, नफरत की राजनीतिक विचारधारा

पर कानून बनाओ आदि नारे लगाए। एडवोकेट घनश्याम सिंह ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह महिलाओं को नंगा करके भीड़ द्वारा सार्वजनिक हिंसा की गई है वह आधुनिक भारतीय समाज में नई तरह की नफरत की राजनीतिक विचारधारा की तरफ इशारा करती है। नफरत की हिंसा की सुई अब धार्मिक अल्पसंख्यकों, आदिवासियों के साथ महिलाओं के शरीर पर केंद्रित हो रही जिसका सभी लोकतंत्र और भारतीयता पसंद नागरिकों को विरोध करना चाहिए।अरविंद कुमार राय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं का बहुत गौरव पूर्ण स्थान है और उन्हें यहां देवी के रूप में पूजा जाता है और खासकर पूर्वोत्तर में शक्ति पूजा के केंद्र में महिला ही है किंतु फासिज्म की जिस पाश्चात्य विचारधारा ने मणिपुर में जिस तरह महिलाओं को निर्वस्त्र करके निजी अंगों में हिंसा किया उसे भारतीय जनमानस कभी स्वीकार नही करेगा।आशुतोष कुमार तिवारी ने संविधान के अनुच्छेद 355 का उल्लेख कि किसी राज्य में आंतरिक अराजकता पर संघ सरकार की जिम्मेदारी के तहत मणिपुर में राष्ट्रपति के हस्तक्षेप की मांग किया। इस मौके पर अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह यादव, डा एसके तिवारी, सुशील कुमार यादव, हरिश्चंद्र शुक्ला, यशवंत सिंह,मनोज कुमार, रमेश यादव, पुष्पराज सिंह, राजीव कुमार, सुप्रभा द्विवेदी, घनश्याम सिंह, रवींद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे। संचालन आशुतोष कुमार तिवारी व इंस्पेक्टर सिविल लाइंस को ज्ञापन एआईएलयू की कोषाध्यक्ष सुप्रभा द्विवेदी ने दिया।

एसडीएम ज्योति मौर्य की जेठानी ने भी पति पर लिखाई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट, आलोक मौर्या भी नामजद

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। एसडीएम ज्योति मौर्य की जेठानी शुभ्रा मौर्य ने भी अपने पति विनोद कुमार समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया है। दहेज उत्पीड़न समेत अन्य आरोपों में उसने धूमनगंज थाने में केस लिखाया है। पुलिस जांच में जुटी है। शुभ्रा मौर्या निवासी देवीनगर हरवारा सदर मीरा पट्टी ने पुलिस को बताया है कि उसका विवाह विनोद से हुआ है जो शादी के समय जीएसटी में स्टेनोग्राफर थे और वर्तमान में प्रयागराज में तैनात हैं।आरोप है कि शादी में पांच लाख नगद, पांच लाख के जेवरात, टाटा इंडिका विस्टा कार व सम्पूर्ण गृहस्थी का सामान दहेज के रूप में दिया गया। इसके बावजूद ससुरालीजन ससुर राम मुरारी मौर्या, सास लीलावती मौर्या, जेठ अशोक कुमार मौर्या, जेठानी प्रियंका मौर्या, देवर आलोक कुमार मौर्या आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। गालीगलौज कर मारते पीटते थे। 2015 में वह सहायक अध्यापक बन गई। जब प्रार्थनी की दूसरी बेटी का जन्म हुआ तो पति समेत अन्य आरोपी बेटा न होने पर विवाह विच्छेद की धमकी देने लगे। वेतन का पैसा व एटीएम कार्ड भी छीन लिया। 26 जून को फिर पांच लाख रुपयों की मांग की गई। विरोध पर दो पुत्रियों समेत मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया गया।10 जुलाई को विनोद अपने भाइयों अशोक व आलोक और कुछ अज्ञात लोगों संग शराब पीकर आए और फ्रिज क्षतिग्रस्त कर दिया। गला दबाया गया तथा बीचबचाव पर उसकी मां से धक्कामुक्की की गई। 11 जुलाई को सुबह पांच बजे घर आकर पति ने पेट्रोल या एसिड डालकर मार डालने की धमकी दी। धूमनगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

मां ने अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात बेटे को बेचने के लिए लगाई कीमत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गरीबी जो न करा दे। रविवार को एक मां ने अस्पताल में पुत्र को जन्म देने के बाद अपनी ममता को ही बेचने का एलान कर दिया। अस्पताल में नवजात शिशु की कीमत लगने लगी। जानकारी मिली तो खरीदार भी पहुंचने लगे। अंततः अस्पताल के चिकित्सकों और पैरा-मेडिकल स्टाफ ने मां को समझा बुझा कर बेटे को न बेचने के लिए राजी कर लिया।शिशु के पालन-पोषण के लिए अस्पतालकर्मियों ने दो हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया है। आर्थिक तंगी की वजह से लाचार मां की यह कहानी मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली है। शहर के वीआईपी इलाके अशोकनगर से लगे नेवादा की एक महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। इसके बाद उसे छावनी बोर्ड के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां जच्चा-बच्चा वार्ड में उसने दोपहर करीब एक बजे पुत्र को जन्म दिया।कुछ देर बाद वह वह महिला अपने नवजात पुत्र को बेचने के लिए अस्पताल कर्मियों से बात करने लगी। जानकारी मिलने के बाद वार्ड आया और कुछ आशा बहुएं सक्रिय हो गईं। कुछ देर बाद ही अस्पताल में खरीदार पहुंचने लगे। पहले महिला ने अपने बेटे की कीमत 1.10 लाख लगाई। फिर सौदा बढ़ने पर कीमत 1.20 लाख और इसके बाद 1.50 लाख तक पहुंच गई। वार्ड में नवजात शिशु के सौदे की जानकारी जब

चिकित्सकों को मिली तब वह महिला को समझाने में जुट गए। तीन बच्चों की इस मां का कहना था कि उसका दूसरा पुत्र विकलांग है। वह चौका-बर्तन कर किसी तरह परिवार का गुजारा करती है। उसके पति कारपेंटर हैं। लेकिन, मजदूरी से इतनी रकम नहीं मिल पाती, जिससे वह विकलांग बच्चे का उपचार करा सकें।ऐसे में बच्चे के उपचार के लिए वह इस शिशु को बेचना चाहती है। इस पर चिकित्सकों और कर्मियों ने उसे विकलांग बच्चे की दवा और नवजात शिशु के पालन के लिए दो हजार रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया। कागज पर लिखित तौर पर चिकित्सकों ने इस आशय का सहमति पत्र महिला को दिया, तब जाकर उसने बेटे को बेचने इरादा छोड़ा।

बिना टिकट यात्रा करने वाले 279 यात्री पकड़े गए

नैनी के छिवकी रेलवे स्टेशन पर चला किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी के छिवकी रेलवे स्टेशन पर रविवार को किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रयागराज मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिभूषण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय हिमांशु शुक्ला के मार्गदर्शन एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक दिनेश कुमार के नेतृत्व में चले अभियान में 279 ऐसे यात्रियों को पकड़ा गया जो ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा कर रहे थे। इस चेकिंग अभियान में इस रूट से गुजरने वाली सभी पैसेंजेर व एक्सप्रेस ट्रेनों समेत रेलवे स्टेशन की भी चेकिंग हुई। इसमें 279 यात्रियों को बिना टिकट एवं अनियमित रूप से यात्रा करते पकड़ा गया। जुमार्ना स्वरूप 1,98,900 रुपए वसूल किए गए जिसमें 133 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया और जुमार्ना स्वरूप 1,16, 500 रुपये वसूल किये गये दूसरी तरफ 146 यात्रियों को अन्य रूप से अनियमित यात्रा करते पकड़कर जुमार्ना स्वरूप

82,400 रुपये वसूल किया गया। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, उत्तर मध्य रेलवे की ओर से रेल यात्रियों से अपील किया जा रहा है कि असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए उचित और वैध रेलवे टिकट के साथ यात्रा करें। सभी रेल उपयोगकताओं के लिए आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज मंडल बिना टिकट और अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए अपने विभिन्न स्टेशनों पर तथा ट्रेनों में किलाबंदी कर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाता रहता है। बिना टिकट तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों कि वजह से गाड़ियों में अत्यधिक भीड़ हो जाती है, जिससे आरक्षित टिकट यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार गलत तरीक से यात्रा करने वालों के खिलाफ मंडल द्वारा सतत चेकिंग अभियान चलाया जाता रहता है।

बिना मोटर घरों में नही पहुच रहा पानी

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में कालोनी के सभ्रान्त नागरिकों की बैठक ए ब्लांक स्थित पानी की टंकी वाले पार्क मे सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव शंकर पाण्डेय एवं संचालन गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया बैठक मे उपस्थित लोगों ने कालोनी मे पानी प्रेशर की समस्या को गंभीर बताया। लोगों का कहना है कि पूरे कालोनी वासियों को बिना मोटर पानी नही मिलता, इसके लिए घरेलू उपयोग से ज्यादा का बिजली बिल पानी की वजह से देना पड़ता है, अर्थात उपभोक्ताओं को मजबूरन दोहरा मार झेलना पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पानी की समस्या के स्थाई समाधान हेतु पानी की टंकी की सफाई, घटिया एवं जर्जर पाइप को बदलवाना, तथा टियुबवेल मे जनरेटर की व्यवस्था आवश्यक है। लोगों का मानना है कि अभी जो जलकर वसूला जा रहा है यह

दोहरी मार झेलने को मजबूर अवंतिका वासी, मेयर से 28 जुलाई को मिलेगा समिति का प्रतिनिधि मंडल

अनैतिक व उपभोक्ता कानून के खिलाफ है। सिंह के अनुसार 28 जुलाई शुक्रवार को नव निर्वाचित मेयर से समिति का प्रतिनिधि मंडल मिलेगा तथा सबसे ज्यादा कष्टकारी पानी की समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान कराने की माँग करेगा। बैठक मे बद्री प्रसाद मिश्रा, डी के सिंह, बी बी दुबे, विनोद शंकर तिवारी, संजीव गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद शुक्ला, एन पी मिश्रा, नारायण सिंह, रविन्द्र गुप्ता, सुनील साहनी, मीना जायसवाल, नीलम द्विवेदी, मीना दुबे, वी के राय, जुगेन्द्र सिंह, विजय कुमार, ब्रिजेन्द्र पाठक, विजय राठौर, घनश्याम शुक्ला, राजू यादव, आदि ने समस्या एवं समाधान पर विचार व्यक्त किये। अन्त मे बैठक के संयोजक अशोक जायसवाल ने सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

किसान कर रहे बारिश के लिए यज्ञ मौसम में बदलाव की आस

अखंड भारत संदेश

मेजा। बछड़ा बांध के समीप स्थित परमहंस महाराज की तपोस्थली में सुन्दर साथ जनों द्वारा साधना प्रारंभ की गई है। अखण्ड पारायण पाठ का आयोजन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट भइयां के पीठाधीश्वर ब्रह्मानंद जी महाराज के निर्देशन में ग्रामीण सुन्दर साथ जनों द्वारा किया गया है। पारायण पाठ के मुख्य यजमान धीरज मिश्र ने बताया कि वैसे तो परम्परागत तरीके से भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरुप की पूजा-पाठ प्रतिदिन की जाती है। किन्तु संकट निवारण हेतु परमहंस महाराज गोपाल मणी दास जी के बताए अनुसार उपायों को आवश्यकता नुसार प्रयोग किया जाता है।अब जबकि समस्त किसान सूखाग्रस्त वातावरण से जूझ रहे हैं व किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति बनी हुई है।ऐसी स्थिति में संकट निवारण का मार्ग ईश्वर की कृपा से ही प्रशस्त होगा। पूर्व में भी क?ई प्रकार की विकट समस्याओं का समाधान तपोस्थली पर की गई साधना से प्राप्त हुआ है। अखण्ड पारायण की पूर्णावती के उपलक्ष्य में भव्य भंडारे का आयोजन दिनांक 25जुलाई को किया जाएगा। तपोस्थली के पुजारी ने बताया कि परमहंस महाराज जी के समय में भी भयंकर अकाल पड़ा था। उस समय ग्रामीणों ने

महाराज के बताए हुए उपाय से संकट निवारण कर लिया था। तभी से यह परम्परा अनवरत चली आ रही है। सुन्दर आचार, सुन्दर विचार, सुन्दर संस्कार, सुन्दर सरोकार, सुन्दर ग्राम, सुन्दर धाम, सुन्दर समाज, सुन्दर भारत के विचारों से प्रभावित होकर जीवन -यापन करने वाले व्यक्ति "सुन्दर साथ"नाम से जाने जाते हैं। कार्यक्रम स्थल पर महन्त ब्रह्मानंद जी महाराज साधन सहकारी समिति पथरा अध्यक्ष जगनायक मिश्र, नवाचारी फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के प्रबंध निदेशक राजकुमार मिश्र,कोहड़ार भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद मिश्र, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

पुरुषोत्तम मास के प्रथम सोमवार को शिवालयों में भक्तों की भीड़

सहसों। क्षेत्र के शिवालयों में पुरुषोत्तम मास के प्रथम सोमवार को भोर से ही भक्तों द्वारा जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ रही। सहसों के श्री राम जानकी मंदिर परिसर स्थित शिवलिंग,बूढेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर, टहलु का शिवाला शिव मंदिर रामनाथ पट्टी सहित क्षेत्र के तमाम शिव मंदिरों एवं घरों में भोर से ही भक्तों ने दर्शन पूजन के लिए पहुंचने लगे। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र, फूल माला, दूध एवं जल से अभिषेक के पश्चात भोग लगा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिव भक्तों ने सोमवार पर पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक विद्वान आचार्य द्वारा कराया गया। टहलू का शिवाला शिव मंदिर पर सात दिवसीय महामृत्युंजय जाप तथा पाठ वेद पाठी ब्रह्मणों द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ हुआ। बुद्धेश्वर महादेव प्राचीन शिव मंदिर गुलालपुर में पुरुषोत्तम मास के पूरे महीने भर रामचरित मानस का मास पारायण एवं विद्वान कथा व्यास द्वारा शिव कथा का आयोजन भी किया गया है।

अपाची संग धराया चोर, वारंटी भी गिरफ्तार

बारा। बारा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल, तीन देशी बम के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। धरे गए चोर के खिलाफ कर्नलगंज, करेली, जार्जटाउन, शिवकुटी, सिविल लाइंस व बारा थाने में विभिन्न धाराओं में कुल नौ मामले दर्ज हैं। बारा के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि थाने के दरोगा कौशलेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी टीम के साथ जुनैद अहमद पुत्र रफीक अहमद को गिरफ्तार किया है। बारा थाना क्षेत्र के बारा खास निवासी जुनैद को छीड़ी जाने वाली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अपाचे मोटरसाइकिल (बिना नंबर की) और तीन देशी बम बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ बारा और शहर के विभिन्न थानों में नौ मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। दूसरी तरफ बारा थाने के एसआई कौशलेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी टीम केसाथ एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। कौशलेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि धारा 325, 323, 506 के मामले में वारंटी मंगलाप्रसाद भारतीया पुत्र बनवारी लाल (निवासी ग्राम छीड़ी, बारा) को आज उसके घर से गिरफ्तार किया गया। चालान भेज दिया गया है।

शार्ट सर्किट से प्याली व कलैंप पिघलने से खतरा बढ़ा



मेजा। सोमवार को दोपहर बाद तेज हवा के साथ हुई बारिश से ग्यारह हजार बोल्टेज के खंभे में लगे प्याली व कलैंप पिघल जाने से खतरा बढ़ गया है। मामला मेजा थाना क्षेत्र के जरार गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर बाद लगभग एक बजे तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण ग्यारह हजार बोल्टेज के पोल के पास लगे प्याली व क्लैंप शार्ट सर्किट से पिघल गए। जिससे ग्रामीणों के लिए खतरा बढ़ गया। समाजसेवी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित जेई को फोन से सूचना दी। उन्होंने आश्वासन दिया,लेकिन कोई बिजली कर्मी ठीक करने नही आया। उसके बाद उन्होंने बिजली विभाग के चीफ से बात की तो उन्होंने लाइन पर रहते हुए विभाग के एक अधिकारी से तत्काल मौके पर जाकर उसे ठीक करने की बात कही। फिर भी कोई नही आया। समाजसेवी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के बदौलत यह खतरा ग्रामीणों के लिए भारी पड़ सकता है।

आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन

मेजा। मेजा विधानसभा क्षेत्र सिरसा मे आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल द्वारा भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई।आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल द्वारा बताया गया कि हमारा प्रमुख लक्ष्य यमुनापार की जनता को प्रगति की ओर अग्रेषित करना है। और राजनीति में पदार्पण करने का मतलब जो दिन हीन लोगों को एक उचित स्थान तक पहुंचा कर उनके भविष्य को सुधारने का प्रमुख लक्ष्य है। और यमुनापार का होने के कारण मैं अपनी मातृभूमि से लगाव रखता हूं। जिसके कारण जमुना पार के लोगों को सुख समृद्धि तक पहुंचा कर ही दम लूंगा। जबकि मैंने दिल्ली, मुम्बई, आदि शहरों में हमारे बहुत शिष्य होने के कारण हमारी हार्दिक इच्छा रहती है कि अपनी ही मातृभूमि से जुड़े लोगों का अधिक से अधिक विकास एवं जन कल्याण कर सकूं। यही हमारी इच्छा एवं कामना है।

मनाई गई पं. आजाद एवं लोकमान्य तिलक की जयंती

सहसों। नवयुवक ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय पुरुषोत्तम पुर उर्फ गारापुर पर रविवार को वीर क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं स्वाधीनता के नायक लोकमान्य तिलक की जयंती संगठन के संरक्षक, पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा कार्यकताओं द्वारा उनके छाया चित्रों पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद करते हुए मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पौत्र पंडित लवकेश मिश्रा ने महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य तिलक को पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वाधीनता के नायकों के बलिदान से ही आज हम सब इस आजाद भारत में आजादी से जीवन जी रहे हैं। आज के परिवेश में ऐसे ही जननायक एवं बलिदानियों की जरूरत है जो इस देश को नई दशा एवं दिशा दे सकते थे। उन्होंने कहा हम सब एक बार फिर ऐसे महान वीर सपूत क्रांतिकारी एवं स्वाधीनता के सिपाही को सहृदय कोटि कोटि नमन करते हैं। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक पंडित कमलाकांत शुक्ला, प्रमोद कुमार शुक्ला, डॉ एन मिश्रा, चिंतामणि शुक्ला, कृष्णदेव द्विवेदी, अश्वनी शुक्ला, विनोद शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, पंकज शुक्ला, मनीष तिवारी, प्रवेश शुक्ला, आशीष शुक्ला, अनूप शुक्ला, पंडित राम शिरोमणि मिश्रा, लोकेश शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, राकेश पांडे, विवेक शुक्ला, सूर्यमणि पांडे, अनिल शुक्ला सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने किया वृक्षारोपण

मेजा। सीएचसी मेजा के प्रांगण में सोमवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डाक्टर समीम अख्तर के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। जिसमें कई फलदार पेड़ भी लगाए गए। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों के बीच पौधे का वितरण भी किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉक्टर समीम अख्तर ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने और मानव जीवन को बचाने के लिए पौधा लगाना अतिआवश्यक है। यदि पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो पृथ्वी से मानव जीवन समाप्त हो जाएगा। पेड़ पौधे रहने से वर्षा अधिक होती है यदि पेड़ पौधे नहीं रहेंगे तो वर्षा भी नहीं होगी। उन्होंने अस्पताल के सभी कर्मियों को अपने-अपने घरों में कम से कम पांच-पांच पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेश सोनकर,फार्मासिस्ट कमलेश मिश्र,अभिमन्यु पाल और अस्पताल कर्मियों ने पौधारोपण कार्य में हिस्सा लिया।

बाबा बेलखरनाथ धाम में भंडारे का आयोजन

पट्टी, प्रतापगढ़। बाबा बेलखरनाथ धाम में सावन के सोमवार दिन पर आज ओम नमः शिवाय का जाप व भंडारे का आयोजन किया गया वैसे तो बाबा बेलखरनाथ धाम में पूरा दिन सैकड़ों के संख्या में लोगों का दर्शन पूजन के लिए भीड़ लगी रहती है पट्टी तहसील क्षेत्र का यह शिवालय भगवान श्री रामचंद्र जी के द्वारा स्थापित किया गया था लोगों में इसकी बड़ी मान्यता है यह लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है यह लोगों के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं बताते हैं कि भगवान रामचंद्र जी अपने वनवास के समय इसकी स्थापना किए थे तब से लेकर आज तक यहां प्रतिवर्ष सावन माह में मेला व भंडारा का आयोजन होता रहता हैभंडारे में काफी तादाद में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया मंदिर के समस्त पुजारी गण, कांवरिया के लोगों ने आसपास क्षेत्र के करीब हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे के आयोजक पट्टी तहसील क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार निवासी कार्तिकेय जयसवाल ,अनुपम गुप्ता ,विकास सोनी, रोशन लाल दीपक गुप्ता, शुभम जयसवाल सहित कई तमाम लोग मौजूद रहे

पुरूषोत्तम माह के पहले सोमवार को घुइसरनाथ धाम में उमड़े शिवभक्त

बाबा धाम में गूंजा हर हर महादेव व बोल बम का जयघोष

शिव मन्दिरों में भी आस्था का संगम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पुरूषोत्तम माह के पहले सोमवार को देवाधिदेव बाबा घुइसरनाथ की नगरी में श्रद्धालुओं की भीड अलसुबह से देर शाम तक उमडी दिखी। वहीं कांवड़िया श्रद्धालुओं को भी शिवभक्ति में उत्साह के संगम मे गोते लगाते देखा गया। श्रद्धालुओं ने गंगा सागर तथा आदिगंगा सई में भी स्नान पूजन कर सुबह भगवान सूर्य को पुरूषोत्तम माह की आस्था का अर्घ समर्पित किया।

लालगंज तहसील के बाबा घुइसरनाथ धाम में पुरूषोत्तम माह के पहले सोमवार को पूरा धाम

बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन को उमड़े शिवभक्त।

भगवान भोलेनाथ की आस्था में डुबकी लगाता दिखा। सुबह मंदिर का पट खुला तो बाबा के दर्शन को बेताब भक्त मंदिर की चमचमाती सीढ़ियों का मत्था टेकते गर्भगृह में दर्शन को लालायित हो उठे दिखे। कांवड़िया श्रद्धालुओं ने भी पवित्र गंगा जल के साथ धाम पहुंचकर बाबा का जलाभिषेक किया। वहीं महिला श्रद्धालुओं ने भी देवाधिदेव महादेव को रोली चंदन का श्रीअभिषेक किया।

बाबा धाम में चारो तरफ हर हर महादेव तथा बोल बम के जयकारे से वातावरण पूरी तरह शिवमय बना दिखा। वहीं बाबा धाम परिसर में जगह जगह महिला श्रद्धालु पूड़ी हलुवा का बाबा को भोग लगाते सामूहिक प्रसाद भोज का भी आयोजन करने में तल्लीन देखी गयी। शिव आराधना के विशेष दिन होने को लेकर मंदिर तथा परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था भी देखी गयी। धाम के चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला ने फोर्स के साथ शांति व्यवस्था की कमान खुद संभाल रखी थी। वहीं मंदिर प्रशासन की ओर से महन्त मयंक भाल गिरि, पं. वीरेन्द्रमणि तिवारी, लाल बृजेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष मिश्र भी श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन में सहयोग करते दिखे। क्षेत्र के हरनाहर बाजार, जलेसरगंज आदि स्थानों पर भी कांवडिया श्रद्धालुओं के जलपान तथा भण्डारे का श्रद्धालुओं ने आयोजन किया। वहीं अधिमास के सोमवार को लेकर सई पार बूढ़ेश्वर नाथ तथा लालगंज के शिव मंदिरों व अंचल के धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन में समागम दिखा।

हनुमान मंदिर पर भंडारे का शुभारंभ करते सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौय।

हनुमान मंदिर में भण्डारे का विधायक ने किया शुभारंभ, हजारों ने पाया प्रसाद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर के बाबागंज में टक्कर गंज स्थित हनुमान मंदिर पर सोमवार को हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे का शुभारंभ सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने किया। दोपहर 12.00 से शुरू हुए इस भंडारे में लोगों ने प्रसाद प्राप्त ग्रहण किया। भंडारे में आयोजक संतोष कुमार मिश्र, कुशाग्र मिश्रा, शिवम मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, अचलपुर सभासद आशुतोष सिंह, अजीत नगर सभासद अनिल कुमार सिंह, अज्जू श्रीवास्तव, नवीन खंडेलवाल, सुधीर दुबे, ताज मोहम्मद सहित हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण की।

ओवरब्रिज के निर्माण से मिलेगी लोगो को सहूलियतः आशुतोष त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सदर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने अपनी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नया माल गोदाम ओवर ब्रिज के शीघ्र निर्माण की मांग करते हुए कहा कि हर 10 मिनट में रेलवे का फाटक बंद होता है बीमार व्यक्ति या इमरजेंसी बीमार व्यक्ति की अगर तत्काल मेडिकल सहायता की आवश्यकता हो तो वह नहीं हो पाती उस व्यक्ति की मृत्यु के अलावा कोई काम नहीं हो सकता स्कूल छुट्टी के टाइम में इस भीषण गर्मी में घंटों फाटक बंद रहने से छोटे-छोटे बच्चे इस विकट गर्मी में व्याकुल दिखते हैं परंतु क्षेत्रीय सांसद व क्षेत्रीय विधायक इस ओवरब्रिज प्रकरण में अपनी अपनी वाहवाही लूटने में ही व्यस्त हैं अगर ओवरब्रिज का शीघ्र निर्माण हो जाए तो भगवा सहोदरपुर, सडारी खजूरनी, रामपुर गौरी, पूरे मोहन, अउआर दिलीपपुर लक्ष्छीपुर से लेकर रानीगंज तक के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए कहा कि अभिलंब इस ओवरब्रिज निर्माण पर विशेष ध्यान दें जिससे सदर विधानसभा पट्टी विधानसभा व रानी गंज विधानसभा की जनता को इसका लाभ मिल सके।

सर्पदंश से किशोर की मौत

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। सांप के काटने से किशोर की मौत हो गई जिसे परिजनों में कोहराम मच गया उसे जिला अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। आसपुर देवसरा क्षेत्र के नीचे ढांढर गांव के निवासी महेश का पुत्र कपिल आठ साल के घर के पीछे अमरूद तोड़ने गया था वह पेड़ पर चढ़ा था तभी जब उसके पैर में किसी विषैले जंतु ने काट लिया था। डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। कपिल घर का इकलौता था। उसकी दो बहनें थीं, मृत कपिल के पिता मेहनत मजदूरी कर घर का भरण-पोषण करते हैं।

पट्टी में होगा 20 दिवसीय रुद्राभिषेक का आयोजन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। सावन के महीने में जहां पवित्र महीना देवों के देव भोलेनाथ के लिए समर्पित है वही रुद्राभिषेक के माध्यम से भगवान शिव को प्रसन्न करके जन कल्याण के लिए प्रार्थना करने के लिए रुद्राभिषेक का आयोजन पट्टी में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह तथा पट्टी के लोकप्रिय चेयरमैन अशोक कुमार जायसवाल द्वारा किया जा रहा है जिसमें पट्टी नगर के 20 अलग अलग शिव मंदिरों पर अलग-अलग दिन रुद्राभिषेक करके भगवान शिव शंकर को प्रसन्न किया जाएगा। इसकी शुरूआत 26 जुलाई को होगी जिस दिन संतोषी मां मंदिर नगर पंचायत कार्यालय के बगल पट्टी, 27 जुलाई को बड़े हनुमान मंदिर उड़ैयाडीह इसी प्रकार से भारत सिंह इंटर कॉलेज परिसर में स्थित शिव मंदिर, श्री काली जी मंदिर, पीपल पेड़ के समीप स्थित शिव मंदिर मेला ग्राउंड शिव मंदिर काशीराम कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर, चमन चैक पर स्थित शिव मंदिर, पुष्पाकर बस्ती स्थित तालाब पर शिव मंदिर, पावर हाउस में स्थित शिव मंदिर, मौर्य नगर स्थित शिव मंदिर राम जानकी मंदिर रायपुर रोड सहित विभिन्न स्थानों पर रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पट्टी के चेयरमैन अशोक कुमार जायसवाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि भगवान भोलेनाथ अपने भक्तों के सारे कष्ट हर लेते हैं जब उन्हें कोई हृदय से याद करता है, उनकी प्रार्थना करना हम सब का कर्तव्य है ऐसे में सावन के पवित्र माह में रुद्राभिषेक का आयोजन करके जन कल्याण तथा विश्व कल्याण के लिए यह रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है।

मुरलीधर केसरवानी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणादायक रहा

श्रद्धांजलि सभा में प्रांत प्रचारक ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ के नगर संघचालक रहे स्वर्गीय मुरलीधर केसरवानी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन लीला पैलेस में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत, के प्रांत प्रचारक रमेश ने श्री मुरली को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि मुरली जी विराट व्यक्तित्व के धनी थे। सहज, सरल और सभी के प्रति आत्मीय भाव रखना उनके व्यक्तित्व का प्रमुख गुण था। वे जीवन पर्यंत स्वयंसेवक के दायित्वक निर्वाहन करते रहे। आपातकाल हो या श्री राम जन्मभूमि आंदोलन या अमृत महोत्सव, निधि समर्पण, सभी में

मुरलीधर केसरवानी की पत्नी को सांत्वना देते प्रांत प्रचारक।

आपने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। मुरली जी एक आदर्श स्वयंसेवक थे। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा के रूप में कार्य करेगा। प्रांत प्रचारक रमेश ने मुरली जी की संघ के प्रति निष्ठा को भरे मन से याद किया तथा उनके परलोक गमन को संघ की अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि सभा को विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी, जिला संघ चालक चिन्तामणि द्विवेदी, सह नगर संघ चालक नीतेश खंडेलवाल, सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेंद्र मौर्य, पूर्व मंत्री शिवाकांत ओझा, नगरपालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र, शिवशंकर सिंह, स्वामीनाथ शुक्ल, देवानंद त्रिपाठी, ओम प्रकाश त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, संजीव आहूजा, शरद केसरवानी, अश्विनी केसरवानी, गिरजा शंकर मिश्र, शिवानी मातनहेलिया, श्रद्धा सिंह, प्रकाश खंडेलवाल, डॉ रंगनाथ शुक्ल, रतन चंद्र जैन इत्यादि ने भी संबोधित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर स्व. मुरलीधर केसरवानी की धर्मपत्नी गायत्री केशरवानी, उनके पुत्र दीपक कुमार केसरवानी, पुत्रवधु एवं परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी परिवारजनों से रमेश जी ने व्यक्तिगत भेंट करके संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ के विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. सौरभ पाण्डेय द्वारा किया गया। विभाग प्रचारक प्रवेश, प्रभा शंकर, क्षमा शंकर, विनोद, कुलभास्कर, सर्वोत्तम, अजय सिंह राजू, दिनेश, शिशिर खरे, कृष्णकांत मिश्र, आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, अवधेश मिश्र, विवेक उपाध्याय, भूपेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

विलुप्त हो रहे हैं सावन के झूले व कजरी गीत

रिमझिम फुहारों के बीच धान की रोपाई में भी गाई जाती थी कजरी

सावन में चहुँओर गूँजती थी कजरी की स्वर लहरियां

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मंहगाई व आधुनिकता के दौर में भारतीय संस्कृति प्रेम सौहार्द त्योहार व रीति रिवाज सब बिलुप्त होते जा रहे है। पूर्व के समय मे समाज मे सावन के महीने में हर दरवाजे पड़ने वाले झूले और उस पर बैठकर महिलाओं व बच्चों द्वारा गाया जाने वाला कजरी गीत आज सिर्फ किस्से कहानियों की बात बन चुका है। सावन महीने में धान की रोपाई के समय महिलाएं रिमझिम फुहारों के बीच कजरी गीत गाया करती थी जिससे पूरा माहौल ही त्योहारों वाला बन जाता था।

आज की भागम भाग वाली जिंदगी में लोग गांव समाज की तो बात दूर अपने घर परिवार को भी समय नही दे पा रहे है। पूर्व के समय मे सावन का महीना त्योहार की तरह मनाया जाता था

झूले पर सावन का लुत्फ उठाती महिलाएं।

इसी महीने में धान की रोपाई होती थी तथा नाग पंचमी व भाई बहन के रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने वाला रक्षाबंधन का पावन पर्व भी इसी महीने में होता था। बरसात का मौसम व सावन के महीने में पड़ने वाली रिमझिम फुहारे व चारो ओर झाई हरियाली लोगो को मस्ती करने पर मजबूर कर देती थी। बहन बेटियां भी अपने मायके आती थी गांव में सावन लगते ही बच्चे झूले डलवा देते थे जिसपर शाम को महिलाएं एकत्र होकर झूला झूलती और कजरी गीत गाती और फिजां में यह सावन का एहसास होने लगता। वही धान की रोपाई करने वाली मजदूर महिलाएं भी सामूहिक कजरी गीत गाती थी जिससे उनका कार्य आसान हो जाया करता है। पर आज परिवेश पूरी तरह बदल चुका है। लोग इन त्योहारों को भूलते जा रहै है। मौसम भी फुहारों वाला नही रह गया तेज धूप व जोरदार गर्मी से बेहाल है। गांव में झूलो व कजरी गीत सुनने को कान तरस रहे है। वही मजदूर भी धान रोपाई तो कर रहे है पर कजरी वे भी भूल गए है। गांव समाज तो दूर हम अपने परिवार के साथ भी नही समय दे पा रहे है जिससे हमारी सामाजिक संरचना परम्पराओ व रीति रिवाजों को तगड़ा झटका लगा है।

चंद्र कुमार सिंह फिर बने निर्विरोध अध्यक्ष

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतापगढ़ ट्रैफिक कार्यषाला का चुनाव सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतापगढ़ ट्रैफिक एवं कार्यशाला का चुनाव चुनाव अधिकारी प्रयागराज से आए प्रदीप कुमार मौर्य, सुजीत कुमार तिवारी, अजय शर्मा एवं सुनील गुप्ता की देखरेख में निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ, जिसमें प्रतापगढ़ ट्रैफिक से चंद्र कुमार सिंह लगातार 10वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।

कैलाश कुमार मिश्रा लगातार 5वीं बार निर्विरोध मंत्री पद पर निर्वाचित हुए। रुपेश कुमार कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। क्षेत्रीय प्रतिनिधि पद के लिए तीन लोगों का निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें शिवकांत मिश्र, रामेश्वर प्रसाद शर्मा एवं मंगला प्रसाद तिवारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रतापगढ़ कार्यशाला में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार शुक्ला निर्विरोध निर्वाचित हुए। मंत्री पद के लिए लाल प्रताप सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए कमलेश कुमार गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। अंत में सुरेश चंद पांडे प्रदेश उपाध्यक्ष

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतापगढ़ ट्रैफिक कार्यशाला के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

के द्वारा निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए निर्वाचित पदाधिकारियों को आगाह किया कि कर्मचारियों के शोषण उत्पीड़न के लिए सदैव संघर्षरत रहें।

किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे जिसमें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा, ओम प्रकाश द्विवेदी, अतीक खान, वेद प्रकाश मिश्र, शिव कुमार मिश्र, बी.पी सिंह, मोहम्मद अकरम, रामदीन पटेल, सज्जन कुमार, नित्यानंद पांडे आदि कर्मचारी मौजूद रहे कर्मचारियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी का माल्यार्पण कर मिठाई बांटी गई।

भट्ठा पर काम करने गये युवक के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने दी पुलिस को तहरीर

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के राजा का पुरवा कडरौ निवासी संतराम पटेल पुत्र प्रेमलाल गांव के दिलीप, सोनू भारतलाल व हरीलाल के साथ ईंट भठ्ठा पर काम करने के लिए पाँच माह पूर्व मार्च मे बादली हरियाणा के विक्रम सिंह के भठ्ठा पर गये थे जहाँ साथ मे ले गये चारों युवक 11 जुलाई 23 को वापस अपने घर आ गये। संतराम के साथ मे वापस न आने पर भाई संतोष कुमार पटेल व मां उषा देबी ने दिलीप से पूछा कि संतराम को साथ मे नही लाये जिस पर दिलीप व साथियो ने बताया कि संतराम बस से आने के लिए कहा था इसलिए हम लोग ट्रेन से आ गये। संतराम के वापस घर न आने पर परिजन लोग किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की तहरीर उषा देबी पत्नी प्रेमलाल (मां) ने पांच दिन पूर्व सीओ कुंडा को दी जिसमें साथ में गये चारों युवकों द्वारा संतराम किसी साजिश का शिकार तो नहीं हो गया जिसके पास पच्चास हजार रुपया व नया मोबाईल था, जब दिलीप से परिजन लोग बात चीत करने लगे तो कहने लगा कि मेरी जिम्मेदारी वापस लाने की नहीं थी। चारों युवक जब से वापस घर आये हैं। सभी घर मे न रहकर इधर उधर रह रहे हैं। चारों युवक को नवाबगंज पुलिस ने पूछताछ के लिए थाने पर बुलाया था जिस पर दिलीप नहीं गया। किसी अनहोनी की आशंका से परिवार वाले सहमे हुए हैं। इस बाबत जानकारी करने पर नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है।

कांशीराम कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ विहिप ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। उप जिलाधिकारी पट्टी को ज्ञापन देकर विश्व हिंदू परिषद संगठन ने पट्टी नगर रायपुर रोड के समीप काशीराम कॉलोनी में रहने वाले अवैध रूप से लोगों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उप जिलाधिकारी पट्टी को ज्ञापन देकर इस संबंध में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पट्टी में स्थित काशीराम कॉलोनी में कई ऐसी घटनाएं हुई जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को उप जिलाधिकारी पट्टी कार्यालय पहुंचे उन्होंने तहसीलदार मनोज कुमार राय को ज्ञापन देकर मांग किया कि काशीराम कॉलोनी में असामाजिक तत्वों का हस्तक्षेप तथा अवैध रूप से कब्जा रहता है वहां पर स्थित हनुमान मंदिर पर भी शराबी हमेशा गलत कार्य करते रहते हैं जिससे हिंदू समाज की छवि धूमिल हो रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष विमल सिंह, संगम लाल विश्वकर्मा, दिनेश सिंह, मुन्ना प्रसाद, संतोष शर्मा, सत्यम सिंह, दीपक पांडे, जयप्रकाश पांडे, सुरेंद्र विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

लोक गायिका श्रुति सिंह चौहान के सावनी गीतों से महका धाम

21 अगस्त को होगा परम्परागत घुघुरी लोक उत्सव

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भयहरणनाथ धाम में 21 अगस्त को नाग पंचमी पर होने वाले घुघुरी लोक उत्सव को लेकर बैठक हुई। बैठक में तेज दौड़ प्रतियोगिता के साथ इस वर्ष गुड़िया गुड्डा प्रतियोगिता व फुलझड़ी प्रतियोगिता कराने का निर्णय

धाम में मौजूद लोक गायिका श्रुति सिंह चौहान।

लिया गया। इस दौरान धाम में लोक गायिका श्रुति सिंह चैहान, बक्सर बिहार के लोक गायक धीरज पाण्डेय व गाजीपुर से लोक गायक मिथिलेष राही का प्रबंध समिति की बैठक में स्वागत हुआ। इस दौरान लोक गायिका श्रुति सिंह के सावनी गीतों से पूरा धाम महक उठा। बैठक में सर्व सम्मति से तय हुआ कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को गुड़िया सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि लोक उत्सव से पूर्व पत्रिका का पुनः प्रकाषन हो जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार किया गया। प्रधान सम्पादक का दायित्व महासचिव समाज शेखर को दिया गया। साथ ही सहयोग के लिये अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल सहित सात सदस्यीय सम्पादक मण्डल तय हुआ, जिसमें आलोक बैरागी, हेमराज अग्रहरि, अंषुमान सिंह, शरद मिश्र, बबन सिंह व उमाकांत शामिल रहे। महासचिव समाज शेखर ने बताया कि नाग पंचमी पर तेज दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

हत्या कर फेंकी लाश

पार्टी के बहाने युवक को 6 लोग ले गए थे घर से बुलाकर

अखंड भारत संदेश

चायल कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के अहमदपुर पुरैनी उर्फ नौवापुर गांव के एक युवक को पार्टी में चलने की बात कह कर रविवार को 6 लोग अपने साथ बुलाकर ले गए थे देर रात तक वह वापस नहीं आया सुबह परिजनों ने देखा तो घर के बाहर युवक की लाश पड़ी थी आनन-फानन में परिजन लेकर उसे जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया परिजनों का कहना है कि घर से बुलाकर ले जाने वाले लोगों ने युवक की हत्या कर लाश घर के बाहर फेंक दी है युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के अहमदपुर पावन पुरैनी उर्फ नौवापुर गांव निवासी रोहित उर्फ टुल्लू उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र रामनारायण के घर रविवार को 5 बजे शाम 6 लोग पहुंचे खाने-पीने की पार्टी की बात करने के बाद सभी युवक उसे अपने वाहन में बैठाकर लेकर चले गए उसके बाद युवक का कही कुछ अता पता नहीं लगा परिजन परेशान हो गए सोमवार की भोर 6:00 बजे रोहित के घर के बाहर उसका शव पड़ा था शव देखते ही परिजन बिलाप करने लगे परिजनों का कहना है कि रोहित को बुलाकर ले जाने वाले पंकज मोनू विकास रजऊ पासी सहित 6 युवक घर के बाहर शव फेककर गायब हो गए लेकिन इस उम्मीद से परिजन रोहित को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे कि शायद उसकी सांस चल रही हो लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजनों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है परिजनों का कहना है कि रोहित को बुला कर ले जाने वाले लोगों ने उसकी हत्या कर लाश घर के बाहर फेंक दी है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक को ले जाने वाले युवकों ने आखिर उसकी हत्या क्यों की है यह तमाम सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहा है रोहित की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रोहित को ले जाने वाले 6 युवकों की तलाश पुलिस कर रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक मामले का खुलासा नहीं हो सका है।

रोहित को बुलाकर ले जाने वालो ने आखिर क्यों की उसकी हत्या!

ग्रामीणों ने किया सड़क पर चक्का जाम

युवक रोहित की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चायल मनौरी के बीच नौवापुर की सड़क पर चक्का जाम कर दिया है सूचना पाकर कई थाने की पुलिस फोर्स और अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं आक्रोशित भीड़ को पुलिस समझाने बुझाने में लगी है अभी चक्का जाम हटा नहीं है मौके पर काफी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग परिजन कर रहे हैं।

ससुराल गए वृद्ध की रेल लाइन पर मिली लाश, पत्नी से वृद्ध का चल रहा था विवाद घटना के पीछे हो रही तमाम चर्चाएं

कोखराज कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ककोढा गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के पास एक वृद्ध की लाश मिली है मृतक की शिनाख्त ककोढा गांव निवासी श्रीकेस उर्फ छैला के रूप में हुई है जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों के साथ-साथ परिवार रिश्तेदार की भीड़ लग गई है वृद्ध की मौत कैसे हुई है यह रहस्य बरकरार है हालांकि ससुरालीजन ट्रेन हादसा बता रहे हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ककोढा गांव निवासी श्रीकेश उर्फ छैला उम्र लगभग 58 पुत्र राजाराम रविवार की शाम को अपनी ससुराल बिसारा पत्नी को बुलाने गया था बताया जाता है कि उसकी पत्नी घर में झगड़ा कर अपने मायके चली गई थी दंपत्ति के बीच विवाद चल रहा था लेकिन सोमवार की सुबह रेल लाइन पर वृद्ध की लाश मिली है मृतक के ससुराली जनों का कहना है कि रेल लाइन पार करते समय श्रीकेश उर्फ छैला ट्रेन हादसे का शिकार हो गया है जिससे दुर्घटना में उसकी मौत हो गई है लेकिन लोगों को यह बात हजम नहीं हो रही है जानकारी मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई लोगों ने पहचान कर बताया कि श्री केश उर्फ छैला की लाश है जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर परिवार के लोग और रिश्तेदार पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

न्यूज झरोखा

सुखऊ का पूरा से हिसामपुर पर सखी तक बनाई जा रही सड़क में नियम कानून और गुणवत्ता का नही हो रहा पालन

टेडीमोड कौशांबी। सिराथू तहसील के सुखऊ का पूरा से हिसामपुर परसखी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही सड़क में नियम कानून और गुणवत्ता का पालन ठेकेदार द्वारा नहीं किया जा रहा है टेरासिन नामक केमिकल का छिड़काव सड़क निर्माण में नही किया जा रहा है जगह जगह पर केवल सूखी गिट्टी डालकर यह सड़क ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही है विभागीय अवर अभियंता सहायक अभियंता भी मूकदर्शक बने हैं जिससे मानक बिहीन घटिया सड़क के निर्माण में विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता दबी जुबान से ठेकेदार विभागीय अधिकारियों के कमीशन खोरी की चर्चा कर रहा है सड़क की गिट्टियों में हाथ लगाते ही गिट्टियां उखड़ रही हैं जिससे सड़क की गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है घटिया क्वालिटी के मानक विहीन सड़क बनाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है इलाके के लोगों ने घटिया सड़क निर्माण की जानकारी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी दी लेकिन घटिया निर्माण पर विभागीय अधिकारियों ने रोक नहीं लगाई है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए घटिया सड़क निर्माण पर रोक लगाकर गुणवत्तापूर्ण सड़क के निर्माण कराए जाने की मांग के साथ ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

रोडवेज बस ने सवारियों से भरे ई रिक्शा को मारी टक्कर, सड़क पर गिरी सवारियां

कौशाम्बी जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस ने सवारियों से भरे ई रिक्शा में जबरदस्त टक्कर मार दी है बस की टक्कर लगते ही ई रिक्शा में बैठी महिलाए और अन्य सवारियां छिटककर सड़क पर गिर गयी हादसे में सवारियां घायल हो गयी वही एक महिला को गंभीर चोट आई है और वह सड़क पर ही तड़प रही है।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा में सोमवार को तमाम श्रद्धालु ब्रह्म देव के दर्शन को जाते है,कुछ महिलाए ई रिक्शा से सेलरहा दर्शन के लिए जा रही थी तभी अचानक रोडवेज बस ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी,बस की टक्कर लगते ही ई रिक्शा में सवार महिलाए बच्चे सड़क पर गिर पड़े और हादसे में घायल हो गए हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है जिनमे से एक महिला की हालत ज्यादा नाजुक है।

बाल श्रम की उड़ रही धज्जियां छोटे-छोटे बच्चे कर रहे मजदूरी

महेवाघाट कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढा करारी पश्चिम सरीरा और उसके आसपास के क्षेत्रों में बाल श्रम की धज्जियां उड़ती देखी जा रही हैं छोटे-छोटे बच्चे मजदूरी कर रहे हैं लेकिन बाल श्रम विभाग के अधिकारी बाल मजदूरी पर रोक लगाते नहीं दिख रहे हैं सोमवार के दिन अषाढा और करारी क्षेत्र में मालवाहक वाहन से छोटे-छोटे बच्चे माल उतारते दिखाई पड़े हैं यह मामला एक दिन का नहीं है प्रतिदिन छोटे-छोटे बच्चे मजदूरी करते देखे जा रहे हैं इन्हें पूरी मजदूरी भी नहीं दी जाती है आधे से कम मजदूरी देकर बाल श्रमिको को काम पर लगाया जाता है जिले के तमाम ढाबे होटल ईट भट्ठा सहित विभिन्न स्थानों पर बाल श्रमिक काम करते देखे जाते हैं और बाल श्रम रोकने वाले अधिकारी कार्यालय में बैठ कर कूलर पंखा की हवा खा कर आराम करते देखे जाते हैं आखिर बाल श्रम पर कैसे रोक लगेगी इलाके के लोगों ने अफसरों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बाल श्रम पर रोक लगाए जाने और बाल श्रमिको से काम लेने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

शराबी पति ने बेच दिया घर का सारा सामान पुलिस की चौखट में पहुंचा मामला

चायल कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी सुमन पाल पत्नी बच्चा लाल पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति शराबी है और शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है घर का सारा सामान उसने बेच दिया है जब सामान बेचने का विरोध किया तो सुमन पाल का पति और उसकी सास दोनों ने मिलकर सुमन पाल को बेरहमी से पीटा है और धक्का मारकर सुमन पाल और उसके बेटे को घर से बाहर कर दिया है और पति सास से पीड़ित महिला सुमन पाल अपने बच्चे को लेकर न्याय की उम्मीद में पुलिस थाना पिपरी पहुंची है

योगी सरकार के आदेश को नही मानते जेई विद्युत

हर्रायपुर कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत वार्ड नं 21 रघुनाथपुर कालोनी उर्फ दुर्गा भाभी नगर के पार्षद प्रतिनिधि मो. हसनैन मंसूरी ने कहा कि लगतार चार दिनों से खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग जेई विद्युत अजीत कुमार जयसवाल से की जा रही है लेकिन जेई विद्युत ट्रांसफार्मर बदलने को तैयार नहीं है जिससे नगर पालिका क्षेत्र के लोग 4 दिन से अंधेरे में जिंदगी काट रहे है आम जनता के साथ पार्षद ने भी ट्रांसफार्मर की समस्या को ठीक कराने के लिए जेई से कहा लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी नगर पालिका क्षेत्र का ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो सका नगर वासियों ने बताया कि तार सप्लाई में समस्या है विद्युत सप्लाई ठीक ना होने से नगर के लोगों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है लोगों का कहना है कि योगी सरकार का कहना है कि 24 घंटे में खराब ट्रांसफार्मर बदला जाए लेकिन विद्युत अधिकारी योगी सरकार की बात को मानने के लिए तैयार नहीं है।

ग्यारह हजार की लाइट दे रही मौत की दावत

कौशाम्बी। चायल तहसील क्षेत्र के कृष्णा डोली गांव के पास हाईटेंशन ग्यारह हजार की विद्युत तार मौत को दावत दे रही है कई महीने से जमीन से 5 फुट ऊपर हाईटेंशन तार लटक रही है कई बार विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से ग्रामीणों ने शिकायत की लेकिन उसके बाद भी 11 हजार की विद्युत तार को ठीक नहीं किया गया है यदि किसी ग्रामीण की लटक रही विद्युत तार के करंट से मौत होती है तो इस मौत का जिम्मेदार कौन अधिकारी होगा इसका जवाब देने को विधुत विभाग का कोई अधिकारी तैयार नही है। जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के कृष्णा डोली गांव के बाहर सरकारी ट्यूबवेल में लोकीपुर फीडर से विधुत लाइट गई है कई वर्षो से यह सरकारी ट्यूबेल बंद हो चुका है बंद ट्यूबवेल को जाने वाली हाईटेंशन तार जमीन से 5 फुट ऊपर लटक रही है जिससे रास्ते से आने जाने वाले लोगों के सिर में मौत मंडरा रही है लेकिन बार-बार सूचना देने के बाद भी हाईटेंशन तार को विभागीय अधिकारियों ने ठीक नहीं कराया है आखिर इस लापरवाही के बाद यदि किसी ग्रामीण की मौत हुई तो मौत का जिम्मेदार कौन होगा।

ट्रेन हादसे में किशोर गंभीर घायल

कोखराज कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र में शौच क्रिया को जाते समय एक किशोर ट्रेन से टकरा गया,हादसे में किशोर गंभीर घायल हो गया,उसके हाथ पैर और सर पर चोट आई है,गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया किशोर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रिफर कर दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर बम्हरौली गांव का किशोर सुरजीत उम्र 16 वर्ष पुत्र लक्ष्मण सोमवार की सुबह रेलवे लाइन पार कर शौच के लिए खेत की तरफ जा रहा था किशोर ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालात गंभीर बताई जा रही है, गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया।

वन्य जीव संरक्षित डॉल्फिन मछली का किया शिकार

शिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की वन विभाग दरोगा ने की मांग

चायल कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के नसीरपुर यमुना नदी क्षेत्र में 23 जुलाई को शिकारियों ने वन्य जीव संरक्षण के तहत प्रतिबंधित डॉल्फिन मछली का शिकार किया है मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग के दरोगा रामप्रकाश रावत सक्रिय हो गए हैं और उन्होंने जांच पड़ताल के बाद शिकारियों को खोज निकाला है मौके पर उन्होंने रंजीत पासी को गिरफ्तार कर थाना पुलिस को सौंप दिया है और रंजीत पासी के बयान पर जानकारी मिली कि संजय निषाद दीवान निषाद बाबाजी निषाद गेंदलाल निषाद ने मिलकर डॉल्फिन मछली का शिकार किया है डॉल्फिन मछली के शिकार करने के आरोप में वन दरोगा ने सभी लोगों को नामजद करते हुए पिपरी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

वाहन चेकिंग के दौरान 14 वाहनों का यातायात पुलिस ने किया चालान

बेनीराम कटरा कौशांबी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक कमलेश पांडेय ने हमराही के साथ सोमवार को सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयन्ती पुर स्थित राम सजीवन डिग्री कॉलेज के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान उन्होंने तमाम वाहनों के अभिलेखों की जांच की जांच के दौरान यातायात उपनिरीक्षक ने बिना हेलमेट के 5 वाहनों का चालान और सीट बेल्ट न लगाने पर 5 वाहनों के चालान के साथ चालक के पास ड्राइवरी लाइसेंस न होने पर तीन चालकों का चालान और एक वाहन में नंबर प्लेट ना होने पर उसका चालन यातायात पुलिस ने किया है यातायात पुलिस के चेकिंग के चलते सड़कों पर अफरा-तफरी मची रही।

दोस्तों संग गंगा नहाने गया युवक नदी में डूबा

अखंड भारत संदेश

कोखराज थाना पुलिस गोताखोरों के साथ कर रही है सचिन की तलाश

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में दोस्तो के साथ गंगा नहाने गया युवक अचानक गहरे पानी में डूब गया,पानी में डुबकी लगाते हुए जब वह बाहर नही आया तो दोस्तो ने शोर मचाना शुरू किया, सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुटी हुई है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सुखऊ का पूरा गंगा घाट में रविवार को टडहर गांव का सचिन कुमार उम्र 18 साल पुत्र मोहन अपने चार साथियों सुमित 12 वर्ष पुत्र रमेश , जितेंद्र 14 वर्ष पुत्र युवराज , आकाश 14 वर्ष पुत्र बिहारी लाल , सत्यम 14 वर्ष पुत्र अमरसिंह के साथ रविवार की सुबह 10 बजे घर में बिना बताए सुखऊ का पूरा गंगा घाट के किनारे गया था। वहां पहुंचने के बाद सभी दोस्त मिलकर गंगा में नहाने लगे, इसी बीच सचिन गहरे पानी में चला गया और डूब गया। चारों दोस्त दिन भर सचिन को खोजते रहे। शाम सात बजे तक सचिन का पता न चलने पर चारो साढ़े सात बजे गांव आए। इधर सचिन के घर न आने पर उसके घर वाले परेशान थे जानकारी मिलने के बाद जब गंगा किनारे से वापस आए बालकों से पूछा गया तो उन्होंने घर वालों को सारी बात बताई । यह सुनकर सचिन के घर वाले अवाक रह गए साथ ही गांव हतप्रभ रह गए । वापस आए बालकों से जब घर वालों ने कहा की घटना की जानकरी तुरंत क्यों नहीं दी तो बालकों ने बताया की हम डर गए थे । इसलिए शाम को घर आकर बताए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात को ही खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली,सोमवार की सुबह कोखराज थाना पुलिस गोताखोरों के साथ पहुंची और सचिन की तलाश कर रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक सचिन का कहीं पता नहीं चल सका है।सचिन के डूबने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

दीवार में सेंध कर जेवर व नकदी समेत चार लाख का सामान उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश

चायल कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है आए दिन घटनाओं को अंजाम देकर चोर फरार हो जाते हैं पुलिस लकीर पीटती रह जाती है पिपरी थाना क्षेत्र के कसेन्दा गांव में बीती रात चोरों ने प्रभाकर सिंह पुत्र अशोक यादव के घर को निशाना बनाया है आधी रात को प्रभाकर सिंह के घर की दीवार में सेंध कर के घर के अंदर घुसे चोर घर के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने का हार माथबिंदी नथिया झुमकी मंगलसूत्र समेत चांदी की पेटी छागल और 50 हजार रुपए नगद उठा ले गए हैं चोरी गए सामान की कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई जाती है घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर चोरी की घटना के खुलासे में लगी है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे में नहीं पहुंच सकी है। बीती रात फतेहपुर सहावपुर गांव में राम लखन पटेल पुत्र बद्री प्रसाद के घर मे भी चोरों ने दीवाल में सेंध कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है दूसरी घटना का भी पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है इसके पहले भी इलाके में चोरों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है लेकिन घटना के खुलासे में थाना पुलिस फिसड्डी साबित हो रही है जिससे इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

दीवाल में सेंध कर नगदी जेवर सहित लाखों का सामान उठा ले गए चोर

चायल कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर सहावपुर गांव में दीवाल में सेंध कर घर के भीतर घुसे चोर बक्सा और दो सूटकेस घर से बाहर खेत पर उठा ले गए और बक्से सूटकेस के अंदर रखा सोने चांदी का जेवर नगदी आदि सामान पार कर दिया है खेत में सुबह खाली बक्सा और सूटकेस मिला है मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी है जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और जांच पड़ताल कर चोरों का सुराग लगाने में लगी है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर सहावपुर गांव निवासी राम लखन पटेल पुत्र बद्री प्रसाद के घर बीती रात्रि दीवाल में सेंध करके कुछ चोर घर के भीतर घुस गए उनके घर में बक्सा और दो सूटकेस रखा हुआ था जिसे चोर घर के बाहर उठा ले गए सूटकेस और बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के मंगलसूत्र जंजीर लॉकेट समेत लगभग साढ़े चार तोला सोना और चांदी की छागल पेटी और चैन पट्टी समेत लगभग एक किलो चांदी पीतल फूल के बर्तन कपड़े 35 हजार रुपए नगद चोर ले जाने में सफल हो गए हैं मामले की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी है जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और जांच पड़ताल कर घटना के खुलासे में लगी है।

डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव अध्यक्ष का अझुवा में हुआ भव्य स्वागत

अखंड भारत संदेश

अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के कार्यों का बखान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता अमन-चैन महसूस कर रही है

अझुवा कौशांबी। डिस्ट्रिक्ट कोपरेटिव बैंक प्रयागराज कौशांबी के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य का निर्वाचन के बाद नगर पंचायत अझुवा आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष शिव प्रताप मौर्य ने भव्य स्वागत कार्यक्रम करवाया है जैसे ही डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या का काफिला अझुवा पहुंचा शिव मोहन मौर्या जिंदाबाद के नारे से कस्बा गूंज उठा लोगों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया है शिव मोहन मौर्या के सम्मान में उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया गया है इस दौरान शिव मोहन मौर्या ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के कार्यों का बखान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता अमन-चैन महसूस कर रही है उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश तरक्की के रास्ते पर चल रहा है केंद्र की सरकार ने आवास विहीन लोगों को आवास उपलब्ध कराया है उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें टूट गई है और अपराधी माफिया जेल की सलाखों के पीछे हैं इस दौरान सिराथू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य ने पार्टी और कार्यकताओं का धन्यवाद दिया कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अझुवा चेयर मैन शांति देवी कुशवाहा ,प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,प्रशांत केसरवानी,पंकज मौर्य,गुड्डू कुशवाहा,अरविंद मौर्य,प्रेम चंद्र मौर्य, बबलू मौर्य,उमेश मौर्य सहित तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे।

ऊनो गांव की सरकारी भूमि की नीलामी बगैर किसान कर रहे खेती

अखंड भारत संदेश

आखिर किस अफसर के संरक्षण में सरकारी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं दबंग किसान

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊनो के कई बीघा सरकारी जमीन पर बेखौफ तरीके से बीते कई दशक से दबंग किसान खेती करके फसल घर उठा ले जाते हैं सरकारी भूमि पर खेती के इस मामले में फसल की कीमत राजस्व अभिलेखों में नहीं जमा होती है आखिर इन दबंग किसानों को किन अफसरों का संरक्षण प्राप्त है सरकारी जमीन पर हो रही खेती से मिलने वाले मुनाफा में कौन-कौन अफसर हिस्सेदार हैं जिससे सरकारी भूमि पर किसानों की खेती पर रोक नहीं लगाई जाती है बीते 4 दिनों से फिर सरकारी खेत पर किसान धान की रोपाई कर रहे हैं यह सिलसिला बीते कई दशक से चल रहा है लेकिन कभी भी सरकारी खेती से होने वाली उपज की बिक्री का पैसा सरकारी खजाने में नहीं जमा हुआ है बीते तीन दशक के तीन दशक के बीच करोड़ों रुपए की हेराफेरी करने में अफसर सफल हो चुके हैं कई बार ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से भी शिकायत की लेकिन राजस्व लेखपाल के सांठगांठ के चलते सरकारी खेतों पर होने वाली फसल की बुवाई पर रोक नहीं लग सकी है योगी सरकार का कहना है कि सरकारी संपत्ति पर कब्जे बेदखल कराए जाएंगे मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत ऊनो की सरकारी संपत्तियों के कब्जे बेदखल नहीं हो पा रहे हैं बताया जाता है कि कुछ कथित भाजपाइयों के चक्कर में अवैध कब्जा धारकों को बेदखल करने का साहस तहसील कार्यालय नहीं कर पा रहा है ऊनो गांव में तालाब चकरोड खलिहान ऊसर बंजर की कई भूमि पर पक्के मकान बन गए हैं लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपनी निजी जागीर बना ली है आए दिन मामला अधिकारियों के चौखट पर पहुंचता है लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती हो रही है ऊनो ग्राम पंचायत में सरकारी संपत्ति पर कब्जे के इस मामले को सूबे के मुख्यमंत्री को गंभीरता से लेना होगा और सरकारी संपत्ति में कब्जे में लिप्त लोगों वा उनको संरक्षण देने वाले अफसरों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है लेकिन क्या योगी सरकार में बढ़ते भ्रष्टाचार के बीच निष्पक्ष तरीके से सरकारी संपत्तियां कब्जा मुक्त हो पाएंगी।

घर के बाहर खड़ी बाइक का ताला तोड़कर उठा ले गए चोर

निर्माणाधीन मकान से मोबाइल नगदी ले जाने में कामयाब हुए चोर

कड़ा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन के पास प्रमोद मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी अपाचे बाइक का ताला तोड़कर आधी रात को चोर उठा ले गए हैं जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक बाइक चोरी का सुराग पुलिस नहीं लगा सकी है दूसरी घटना मकान निर्माण करा रहे तिवारी यादव गुलामीपुर के साथ हुई है उनका मोबाइल और नकदी रुपया आधी रात को चोर उठा ले गए हैं। बताया जाता है कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के डिंचा पर निवासी मनोज मौर्या ने कमासिन चौराहे पर मेडिकल स्टोर की दुकान खोल रखी है और प्रतिदिन की तरह वह अपनी दुकान के बाहर अपाचे बाइक में सकरा ताला लगा कर खड़ी कर दिया था आधी रात को सकरा और ताला तोड़कर अपाचे बाइक चोर उठा ले गए हैं कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के तिवारी यादव पुत्र रामदुलारे सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामी पुर में मकान निर्माण करा रहे हैं वह मकान में सो रहे थे बगल में मोबाइल और रुपए रखे थे आधी रात को पहुंचे अज्ञात चोर मोबाइल और नगद रुपए उठा ले गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

संपादकीय

क्या भारत 2025 तक हो पाएगा टीबी से मुक्त?

पूरी दुनिया में अनेक बीमारियां चुनौती बनी हुई हैं। तमाम देश इन बीमारियों के खात्मे के लिए प्रयासरत्त हैं लेकिन विभिन्न कारणों से इन पर काबू पाना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसी बीमारियों में मानव इतिहास की सबसे पुरानी बीमारी कही जाने वाली तपेदिक यानी टीबी भी है। हालांकि टीबी का इलाज उपलब्ध है, फिर भी दुनिया में अन्य सभी संक्रामक बीमारियों की तुलना में टीबी से सर्वाधिक मौतें होती हैं। महामारियों का समाधान ढूंढने पर केन्द्रित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने हाल में जो चेतावनी जारी की है, उसने टीबी को लेकर सबकी चिंताओं को बढ़ा दिया है।

एजेंसी ने चेताया है कि टीबी संक्रमितों के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों का पता लगाने और रोग की रोकथाम के लिए उपायों को लागू करने में विफलता वर्ष 2035 तक करीब दस लाख मौतों का कारण बन सकती है। यह चेतावनी इसलिए डर पैदा करती है क्योंकि विश्व की लगभग एक चौथाई आबादी टीबी से संक्रमित है और उनमें सक्रिय बीमारी विकसित होने का जोखिम है, जो गम्भीर रूप धारण कर सकती है। खासकर, भारत जैसे देशों के संदर्भ में, जहां टीबी की जड़ें बहुत पुरानी और गहरी हैं। हमारे देश में टीबी उन्मूलन लंबे समय से चुनौती बना हुआ है। देश में सरकारों ने इसके लिए व्यापक कदम उठाए हैं पर इस जानलेवा बीमारी के बारे में आज भी जरूरी जागरूकता का अभाव, संक्रमण से बचने के तौर-तरीकों की जानकारी न होने और रोगियों के समुचित इलाज के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियां, लापरवाही और अंध विश्वास टीबी उन्मूलन में बाधा बना हुआ है।

ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया के ड्रॉपलेट इन्फेक्शन के कारण फैलने वाली इस बीमारी से प्रति वर्ष लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। टीबी संक्रमितों और इससे मरने वालों की संख्या भारत में भी काफी ज्यादा है।

सरकार ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत देश में वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले आठ वर्षों में टीबी रोगियों की संख्या में 13 फीसदी कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का दावा है कि भारत ने अन्य देशों के मुकाबले टीबी उन्मूलन की दिशा में अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्ष 2015 में जहां एक लाख की आबादी पर 256 लोग टीबी के शिकार थे, वहीं 2021 में यह संख्या 210 रह गई है। आकड़ों को देखें तो वर्ष 2015 से 2021 के मध्य टीबी रोगियों की तादाद 18 फीसदी घटी है। देश में टीबी के नए मामलों में कमी हुई है पर इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2020 में प्रति एक लाख आबादी पर 15 टीबी रोगियों की मौत हुई तो वर्ष 2022 में मौतों का यह आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है।

टीबी का खात्मा हो, इसके लिए हमारी सरकार निश्चय ही गंभीर है। विश्व में टीबी के खात्मे का समय 2030 निर्धारित किया गया है लेकिन मोदी सरकार ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है। इस पर सरकार हर साल 17 लाख करोड़ रुपये व्यय कर रही है लेकिन हर साल साढ़े चार लाख लोगों की टीबी से मौत होना स्थिति की गंभीरता को दशार्ता है। टीबी का एक रोगी पन्द्रह लोगों को संक्रमित कर सकता है। ऐसे यहां यह सवाल उठता है कि क्या देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य अर्जित किया जा सकेगा? यह सवाल इसलिए बड़ा है क्योंकि लक्ष्य को हासिल करने के लिए ज्यादा समय नहीं बचा है। पहले के मुकाबले भारत में टीबी के नए मामलों की संख्या भले ही कम हो लेकिन वैश्विक स्तर पर टीबी के कुल मामलों में भारत का हिस्सा ज्यादा है। चिंता का बड़ा कारण भी यही है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की ताजा चेतावनी के कारण यह चिंता और बढ़ जाती है। जैसा कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने जोर दिया है, इस चुनौती के मुकाबले के लिए व्यापक रणनीति को लागू करना ही होगा। इसके तहत घर-परिवारों में संक्रमितों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों की पहचान करना और टीबी की रोकथाम के लिए उपचार प्रदान करना सबसे अहम काम होना चाहिए। एजेंसी का मानना है कि इन उपायों के जरिए टीबी रोगियों और एचआईवी के साथ रह रहे लोगों के सम्पर्क में आने से परिवार के सदस्यों की होने वाली मौतों में आगामी12 वर्षों में 35 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसी, अमेरिका के जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय और ऑरम इंस्टीट्यूट के एक संयुक्त अध्ययन के मुताबिक इस रणनीति को अपनाकर वर्ष 2035 तक साढ़े आठ लाख जिंदगियों की रक्षा की जा सकती है और अगर इस उपाय को लागू करने में विफल रहते हैं तो 2035 तक लगभग दस लाख लोगों की मौत होने का अंदेशा है।

ये नतीजे विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिशों के अनुरूप है, जिसके मुताबिक टीबी की रोकथाम के लिए उन लोगों को उपचार उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिनमें संक्रमण का जोखिम सर्वाधिक है। इनमें एचआईवी के साथ जी रहे लोग और टीबी से संक्रमित व्यक्तियों के सम्पर्क में आए उनके परिवार के सदस्य हैं। विश्व में हर साल एक करोड़ से अधिक नए संक्रमण के मामलों में इनकी एक बड़ी संख्या है। टीबी के खात्मे के लिए व्यापक स्तर पर काम करने की जरूरत है। एक ओर जहां टीबी मुक्त भारत के लिए जन आंदोलन के रूप में काम करना होगा, वहीं संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की ताजा चिंताओं पर ध्यान देते हुए रणनीति भी बनानी होगी। टीबी संक्रमितों के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों का पता लगाने और रोग की रोकथाम के लिए उपायों को लागू करने में सफलता को सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रभावी प्रयास करने होंगे, अन्यथा न केवल विश्व में टीबी उन्मूलन के प्रयासों को धक्का लगेगा बल्कि भारत को टीबी मुक्त करने के सपने के पूरा होने पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाएगा।

क्या है झगड़ा कुकी बनाम मैतेई

राज सक्सेना

भारत के बहुसंख्यक समाज के भाग्य की विडम्बना देखिये। केरल के मल्लापुरम, पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पाकिस्तान, जम्मू कश्मीर की कश्मीर घाटी, पश्चिमी बंगाल के कई चुनावों में कई जिलों के बाद भारत, मणिपुर में बहुसंख्यकों के नरसंहार के कगार पर खड़ा है और भारत के कई दलों के बहुसंख्यक नेता केवल मोदी विरोध के चलते इस अभ्यागत आपदा के समर्थन में खड़े हैं।

विभिन्न श्रोतों के अनुसार मणिपुर वह स्थान है जहां समय के साथ कई प्रकार की सभ्यताएं व संस्कृतियाँ मिलीं और अंत में एक दूसरे में घुल-मिल गई। यहाँ का भूभाग दो भिन्न क्षेत्रों में बंटा है। घाटी और आस-पास के पहाड़ी क्षेत्र। यहाँ की प्रमुख जनसंख्या मणिपुरी लोगों की है जिन्हें मैती या मैतेई के नाम से जाना जाता है। मणिपुर की पहाड़ियों में निवास करने वाली 29 जनजातियों को नागा और कुकी में विभाजित किया गया है। नागा समूह और कुकी लोगों के बीच एक स्पष्ट वर्गीकरण करना संभव नहीं है मगर इन दोनों में एक समानता है। दोनों अधिसंख्यक ईसाई हैं। मैती, जिन्हें सामान्य रूप से मणिपुरी के रूप में जाना जाता है, एक अलग समूह है। जिनकी अपनी स्वयं की पहचान है। मैती शब्द ह्यमीह्लझ्र पुरुष और ह्यतेईह्लझ्र अलग से व्युत्पन्न हुआ है। यह वैष्णव जाति मणिपुर की मूल निवासी है।

कुकी, मणिपुर में बसी एक विदेशी मूल की जाति है, जो मात्र डेढ़-दो सौ वर्ष पहले पहाड़ों में म्यांमार से लाकर बसाई गयी थी। ये मूलतः मंगोल नस्ल के लोग हैं। जब अंग्रेजों ने चीन में अफीम की खेती को बढ़ावा दिया तो उसके कुछ दशक बाद अंग्रेजों ने ही इन मंगोलों को बर्मा (म्यांमार) के पहाड़ी इलाके से ला कर मणिपुर में अफीम की खेती में लगाया। आपको आश्चर्य होगा कि तमाम कानूनों को धत्ता बता कर ये अब भी अफीम की खेती करते हैं और कानून इनका कुछ नहीं बिगाड़ पाता। इनके व्यवहार में अब भी वही मंगोली क्रूरता है, और व्यवस्था के प्रति प्रतिरोध का भाव है। नहीं मानेंगे, तो नहीं मानेंगे। आप मणिपुर की लोकल न्यूज को पढेंगे तो पाएंगे कि कुकी अब भी अवैध तरीके से वर्मा से आ कर मणिपुर के सीमावर्ती जिलों में बस रहे हैं। सरकार इस घुसपैठ को रोकने का प्रयास कर तो रही है, पर पूर्णतः सफल नहीं है।

आजादी के बाद जब उत्तर पूर्व में मिशनरियों को खुली छूट मिली तो उन्होंने इनका धर्म परिवर्तन कराया और अब लगभग सारे कुकी ईसाई हैं। और यही कारण है कि इनके मुद्दे पर एशिया यूरोप सब एक सुर में बोलने लगते हैं। इन लोगों का एक विशेष गुण है। ये अराजक लोग हैं कोई कुछ कहता रहे ये नहीं मानेंगे, तो नहीं मानेंगे। क्या सरकार, क्या सुप्रीम कोर्ट? कुछ कहता रहे हम नहीं मानेंगे।

सरकार कहती है, अफीम की खेती अवैध है। तो ये कहते हैं, ह्यतो क्या हुआ? हम करेंगे।ह्य कोर्ट अगर कहता है कि, ह्यमैतेई भी अनुसूचित जाति के लोग हैंह्ल। कुकी कहते हैं, "कोर्ट कौन? हम कहते हैं कि वे अनुसूचित नहीं हैं, तो नहीं हैं। हम ही कोर्ट हैं।

मैती, मैतेई या मैतई ये मणिपुर के मूल निवासी हैं। सदैव वनवासियों की तरह प्राकृतिक वैष्णव जीवन जीने वाले लोग। पुराने दिनों में सत्ता इनकी थी, इन्हीं में से राजा हुआ करते थे। अब ना राज्य है, और जमीन भी निकलती जा रही है। मणिपुर की जनसंख्या में ये 50% से अधिक हैं, पर भूमि इनके पास दस प्रतिशत के आसपास है। उधर कुकीयों की जनसंख्या 30% है, पर जमीन इनके पास 90% है।

वास्तव में यह एक ड्रग युद्ध है और इसके लिए कुकी महिलाएं नग्न होकर भारतीय सेनाओं पर बलात्कार के आरोप लगाती रहती हैं। कुकी महिला खुले तौर पर कहती है कि हम प्रतिबंधित पोस्ता (अफीम) उगाना चाहते हैं। पोस्ता कोकीन और कई दवाओं का मुख्य घटक है। इस सबका मूल कारण बीजेपी-मोदी और बीरेन सिंह की ड्रग्स पर लड़ाई है। ड्रग माफिया और उनके संरक्षक बीजेपी को मणिपुर से बाहर करना चाहते हैं!

90% जमीन पर कब्जा रखने वाले कुकीयों की मांग है कि 10% जमीन वाले मैतेई लोगों को जनजाति का दर्जा न दिया जाय। वे लोग विकसित हैं, सम्पन्न हैं। यदि उनको अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया गया तो हमारा विकास नहीं होगा। हमलोग शोषित हैं, कुपोषित हैं।

अब मैतेई समाज की दशा देखिये। जनसंख्या इनकी अधिक है, विधायक इनके अधिक हैं, सरकार इनके समर्थन की है। पर कोर्ट से आदेश मिलने के बाद भी ये अपना हक नहीं ले पा रहे हैं। क्यों? इसका उत्तर समझना बहुत कठिन नहीं है। मणिपुर समृद्ध घाटियों की भूमि है जो सुंदर पहाड़ियों और झीलों से घिरी है, यह खुशी तथा आनंद से भरे सौम्य लोगों की भूमि है। मणिपुर का अर्थ है ह्यमणियों की भूमिह्ल। इस पूर्वोत्तर राज्य का वर्णन स्वर्ण भूमि अथवा ह्यसुवर्णभूह्ल के रूप में किया गया था। मणिपुर 1891 में ब्रिटिश राज के अंतर्गत एक रियासत थी। वर्ष 1947 में मणिपुर संविधान अधिनियम के अंतर्गत महाराजा को कार्यकारी प्रमुख बनाते हुए एक लोकतान्त्रिक सरकार स्थापित की गई। इस राज परिवार ने उन्हें एक लंबा शांतिपूर्ण काल दिया जिसमें उन्होंने बिना किसी बाधा के अपनी कलाओं तथा शिल्प को विकसित किया। 21 जनवरी, 1972 को एकीकरण के साथ यह क्षेत्र एक पूर्ण राज्य बन गया। यह राज्य 10 उप-मंडलों के साथ एक एकल जिला क्षेत्र था, जिसे 1969 में मान्यता दी गई थी। अब इस राज्य में छः जिले हैं।

पूर्वोत्तर भारत की ताजे पानी की सबसे बड़ी झील मणिपुर में स्थित है। इसे लोकतक झील और सेन्द्रा द्वीप कहा जाता है। लोकतक की पश्चिमी सीमा पर एक झील फुबाला है। इन दोनों के बीच विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है ह्यकेईबुल लमजाओ राष्ट्रीय उद्यानह्ल जो लोकतक झील पर स्थित है। यह मणिपुर के नाचने वाले हिरण संगई का अंतिम प्राकृतिक वास है।

कुल मिला कर सारांश यह है कि इस समय मणिपुर जार्ज सोरोस की कुदृष्टि का शिकार है। कुकी लोग अफीम की खेती कर धनवान हैं उन्हें चीन, म्यांमार से हथियार मिलते हैं और वे जब तब मैतेई बस्तियों पर हमला कर उन्हें अपनी जमीनें सस्ती दरों पर बेचने को मजबूर करते रहते हैं। इस बार जब प्रतिरोध में मैतेई संगठित होकर हमलावर हुए तो संभावना बतायी जा रही है कि सोरोस के उकसाने पर मोदी को बदनाम करने और ईसाई, जनजाति समाज और महिलाओं को उनके विरुद्ध करने का टास्क लेकर सारा विपक्ष कुकी समाज के समर्थन में खड़ा हो चुका है।(युवराज)

क्या 2023 में भारत को मिलेगा बड़ा तोहफा, पाक से आजाद होगा पीओके ?

अशोक भाटिया

इन दिनों पाकिस्तान के हालात बेहद खराब चल रहे हैं। अवाम भूख और गरीबी से जूझ रही है। इस बीच पाक अधिकृत कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान से भी पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठने लगी है। पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों ने पाकिस्तान सरकार पर उनके साथ भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। यहां के नाराज लोग अब पीओके को भारत में मिलाने की मांग करने लगे हैं। शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कश्मीरी उन्हें भारत के लद्दाख में एक बार फिर से मिलाने की बात कहनी शुरू कर दी है।

पाक अधिकृत कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान में इन दिनों वहां के लोग पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते देखे जा रहे हैं। वहां के हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर हैं और जुलूस निकाल रहे हैं। पीओके के लोगों की मांग उन्हें भारत के लद्दाख क्षेत्र में मिला देने की है। इस मांग के तेज होते ही पाकिस्तान सरकार की नींद उड़ी है। इस विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रैली में लोगों ने कारगिल सड़क को खोलने की मांग की। उन्होंने नारा लगाया कि ह्यआर पार जोड़ दो, कारगिल को खोल दो।ह्ल

स्पष्ट है कि अब पाक अधिकृत कश्मीर पाकिस्तान से टूटने वाला है और अब वहां बगावत भी शुरू हो गयी है जिसकी पुष्टि खुद पाकिस्तान की जनता बार-बार खुल कर मीडिया के सामने कर रही है और साथ ही साथ भारत की प्रगति के कसीदे भी पढ़ते नजर आते हैं। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार जोकि अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को नहीं संभाल पा रही है उसने ढङ्खह्य का भी बेड़ा गर्ग कर दिया है। जानकारी के अनुसार हाल ही में जब कुछ पाकिस्तानी अफसर ढङ्खह्य पहुंचे थे तो वहीं के लोगों ने उन्हें खदेड़ दिया।

गौरतलब है कि इन दिनों पाकिस्तान में घनघोर खाद्यान्न संकट है। पूरा देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। आटा के लिए लंबी कतारें और लोगों में संघर्ष देखा जा रहा है। इसको लेकर लोगों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। वहीं पाक अधिकृत कश्मीर के लोग सेना के खिलाफ भी खुलकर बयान दे रहे हैं। हाल ही में तालिबान की तरफ से भी पाकिस्तान को चेताया गया है। तालिबान की तरफ से भी पाकिस्तान का चुनौती मिलने से वह परेशान दिखने लगा है। इस बीच पीओके में पाकिस्तान विरोध और भारत में शामिल किए जाने की आवास से पाकिस्तान सरकार और सेना की नींद उड़ने लगी है। लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश होने लगी है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के मौजूदा हालात पर इन दिनों दुनिया भर की नजरें हैं। कुछ दिन पूर्व अमेरिका के डेलावेयर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर मुक्तदर खान ने यह कह कर बवाल खड़ा कर दिया है कि भारत चाहे तो जंग का ऐलान कर पीओके और बाकी इलाकों को अपने में मिला सकता है।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस समय एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। ऐसे में भारत चाहे तो उस पर चढ़ाई कर सकता है।

उधर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पहले ही कह दिया था कि हमें भारत से युद्ध नहीं करना चाहिए था। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि हमने भारत के साथ तीन युद्ध लड़े लेकिन बदले में हमें परेशानी, गरीबी और बेरोजगारी मिली। हमने अपना सबक सीख लिया है। हम शांति के साथ रहना चाहते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान के पीएम ने भारत के साथ ईमानदारी से बातचीत करने को कहा है।

जिसपर अमेरिका के डेलावेयर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर मुक्तदर खान ने कहा है कि पीएम शहबाज शरीफ ने भारत के साथ ईमानदारी से बातचीत कहकर यू टर्न लिया है। खान ने कहा है कि पाकिस्तान हर मामले में कमजोर पड़ चुका है। हाल ये है कि कोई भी मुल्क पाकिस्तान पर हावी हो सकता है। भारत चाहे तो वो आसानी से कब्जा कर सकता है।इसके साथ ही मुक्तदर खान ने कहा है कि पाकिस्तान को सबसे पहले भारत का शुक्रिया अदा करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अभी तक पाकिस्तान के नाजुक हालात का फायदा भारत नहीं उठा पा रहा है। पाकिस्तान को यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के नेताओं को समझना होगा कि भारत के नेता अधिक सम्मानित हैं और उनके जैसे नहीं हैं।

मुक्तदर खान ने कहा कि पाकिस्तान मौजूदा समय में छह प्रकार के संकट का सामना कर रहा है। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक संकट, आर्थिक संकट, सुरक्षा का संकट, सिस्टम का संकट, पहचान का संकट और पर्यावरण संकट का हवाला दिया। इसके साथ ही हाल ही में वहां बिजली संकट खड़ा हो गया हैं । करीब दो दिन तक बिजली गुल रही थी । इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर मुझे हजारों और लाखों बार भी ये पूछा जाए कि मैं भारत में एक मुस्लिम की तरह रहना चाहूंगा या फिर पाकिस्तान में एक हिंदू की तरह रहना चाहूंगा तो मेरा हर बार जवाब होगा कि मैं हर बार भारत में मुस्लिम बनकर रहना चाहूंगा।

गौरतलब है कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) चर्चा में रहा है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शौर्य दिवस के मौके पर जम्मू कश्मीर में खड़े होकर पाकिस्तान को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (ढङ्खङ) में उसने (पाकिस्तान) जो किया है, उसकी कीमत के रूप में पीओके खोकर चुकानी पड़ेगी। साथ ही भारत के उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कुछ समय पूर्व कहा था कि भारतीय सेना पीओके को वापस लेने जैसे आदेशों को पूरा करने के लिए तैयार है। इस प्रकार की बातों से भी पीओके में रहने वालों को भारत से उम्मीद बंधी हैं ।

साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अब पीओके को आजाद कराने और भारत में शामिल कराने का वक्त आ गया है।

ईश्वर से प्रार्थना करें कि हम अपने जीवनकाल में यह अवसर देख पाएं। कुछ दिन पहले ही राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने भी ट्वीट किया था कि 1947 में पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा यूएन में दायर किया प्रस्ताव वापस लेकर पीओके को सेना हासिल कर सकती है। कुल मिलाकर पीओके हर किसी की जुबान पर है लेकिन क्या वाकई इसे पाकिस्तान के कब्जे से छुड़ाया जा सकता है? यह जानने के लिए जब किसी पत्रकार ने पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल दीपक कपूर और संविधान विशेषज्ञ विराग गुप्ता से बात की।

जनरल दीपक कपूर के अनुसार संभव सबकुछ है लेकिन इससे पहले हमें आतंकवाद और पाकिस्तान के प्रति रवैया बदलना होगा। अभी तक हम डिफेंसिव मोड में रहे हैं लेकिन अब हमें ऑफेंसिव-डिफेंस की नीति अपनाना होगी। यानी सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक यह दिखाती है कि यदि हम पर हमला होगा तो हम न सिर्फ उसका माकूल जवाब देंगे बल्कि उसे जड़ से खत्म करेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर आया बयान भी यह दिखाता है कि सरकार कितनी मतबूत है और दुश्मन को सही जवाब देने के लिए हम कितने सक्षम हैं।

जनरल कपूर बताते हैं कि अभी हमें आतंकियों को नियंत्रण रेखा पार करने से रोकना होगा। चूंकि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा है, इसलिए वहां के हालात सामान्य होने में समय लगेगा। पहला फोकस वहां के लोगों पर, खासकर घाटी के लोगों पर होना चाहिए। वहां के लोगों को जब यह अहसास हो जाएगा कि अनुच्छेद 370 हटना उनके लिए फायदेमंद है, भारत सरकार और सेना उनकी सुरक्षा और बेहतर भविष्य के लिए काम कर रही है, तो आगे की राह अपने आप आसान हो जाएगी।

इसरो के कदम अब सूरज की ओर !

सुनील कुमार महला,

दुनिया जानती है कि 14 जुलाई 2023 को इसरो(भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन)द्वारा चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक लांच कर दिया गया। चंद्रमिशन के तहत चांद पर भेजा गया चंद्रयान-3 आने वाली पांच अगस्त के दिन चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा और तेईस अगस्त को चांद के दक्षिणी हिस्से पर उतर कर चांद के विभिन्न रहस्यों से पर्दा उठायेगा। जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई, 2023 को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से उड़ान भरी थी। वास्तव में, चंद्रयान -3 मिशन को लेकर भारत का लक्ष्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन जैसे विकसित देशों की कतार में शामिल होकर यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश बनना है। चंद्रयान -3 के उद्देश्यों की यदि हम यहां बात करें तो इस मिशन के मुख्य उद्देश्य क्रमशः चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सुगम लैंडिंग करना,रोवर को चंद्रमा पर घूमते हुए प्रदर्शित करना तथा यथास्थान वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना है। इसरो ने बहुत ही कम समय में और बहुत कम लागत में बेजोड़ मेहनत का प्रदर्शन करते हुए चंद्रयान -3 मिशन का सफल प्रक्षेपण कर दुनिया को दिखा दिया है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत दुनिया के किसी भी विकसित देश से कमतर नहीं है। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत दूसरी बार चांद की सतह पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा है। वह भी ऐसी जगह, जहां पर अब तक दुनिया के किसी भी देश ने लैंडिंग की कोशिश तक नहीं की है और न ही हिम्मत जुटाई है। वैसे दुनिया में 11 देश हैं, जिन्होंने अपने मून मिशन भेजे हैं। अगर भारत का यह मिशन सफल होता है, तो भारत दक्षिणी ध्रुव के पास अपना लैंडर उतारने वाला पहला देश बन जाएगा और ऐसा करने वाली भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दुनिया की पहली स्पेस एजेंसी बन जाएगी।

इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में नित नवीन प्रतिमान गढ़ रहा है और ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो चांद ही नहीं अपितु सूरज पर भी अपना काम निरंतर कर रहा है। जानकारी मिलती है कि अपने सौर मिशन के अंतर्गत 'इसरो' जल्द ही 'आदित्य एल-1' को भी लॉन्च करने जा रहा है। बताया जा रहा है और इस यान के जरिये सूर्य की विभिन्न प्रक्रियाओं को देखा जा सकेगा। हम सभी यह देख सकेंगे और जान पायेंगे कि सूर्य की गतिविधियों का अंतरिक्ष के मौसम पर कैसे प्रभाव पड़ता है ?

माना जा रहा है कि भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 आने वाली 26 अगस्त को लॉन्च किया जाएगा। सच तो यह है कि इसरो सौर वातावरण का गहन अध्ययन करने के लिए ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान यानी कि पीएसएलवी रॉकेट पर अपना कोरोनोग्राफी उपग्रह आदित्य एल-1 भेजेगा। जानकारी देना चाहूंगा कि धरती पर ऊर्जा का एकमात्र स्त्रोत सूरज है और यही सूर्य हमारे सौरमंडल का सबसे नजदीकी तारा भी है। विज्ञान के छात्र यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि सूरज की किरणें आठ मिनट में धरती पर पहुंच जाती हैं। बाकी तारे इतनी दूर हैं कि उनकी किरणों को धरती तक पहुंचने में चार साल तक का लंबा समय लग जाता हैं। जानकारी मिलती है कि आदित्य-1 इसका पेलोड एकीकरण और परीक्षण अंतिम चरण में है।इसरो के मुताबिक अंतरिक्ष यान को स्पेस क्राफ्ट लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल-1) हालो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। ये पृथ्वी से 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर है। एल-1 प्वाइंट हैलो ऑर्बिट पर सैटेलाइट स्थापित हो सकती है और इससे सूरज बिना किसी ग्रहण के दिख सकता है।

मुकदमों के बोझ से झुकी अदालतें एवं जटिल होता जीवन-:

ललित गर्ग:-

लोकतंत्र के चार स्तंभों में से एक न्यायपालिका इन दिनों काफी दबाव में है। उस पर मुकदमों का अंबार लगा हुआ है। देश के सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विभिन्न अदालतों में मुकदमों का बोझ इस कदर हावी है कि न्याय की रफ्तार धीमी से धीमी होती जा रही है।

अदालतों पर बढ़ते बोझ की समस्या की तस्वीर आंकड़ों के साथ पेश की जाए तो आम आदमी न्याय की आस ही छोड़ बैठेगा। साफ है कि एक ओर तो न्यायपालिका पर मुकदमों का बोझ लदा है, दूसरी ओर उसके जरूरत भर न्यायाधीश भी नहीं हैं। देश की न्याय प्रक्रिया को यदि दुरुस्त करना है तो एक साथ दो मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। देश के छोटे-बड़े सभी न्यायालयों में लगभग 5 करोड़ मुकदमे पैंडिंग हैं। कई तो 30-30 वर्षों से चल रहे हैं। संबंधित मर-खप गया, कई विदेश चले गये, कईयों को लापता घोषित कर दिया गया। न्याय में विलम्ब करना न्याय से इन्कार करना होता है। न्यायाधीशों पर भी अंगुली उठती है। भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। हजारों छोटे-बड़े न्यायालयों में न्यायधीशों की योग्यता पर भी चर्चा सुनते-पढ़ते हैं। न्यायालय के कार्यों में राजनैतिक हस्तक्षेप की बात आम है। निष्पक्ष होकर न्याय करने वाले भी कभी-कभी प्रभावित हो जाते हैं। जो फैसले निचली अदालतें करती हैं, उनमें से कई ऊंची अदालतों में जाकर उलट जाते हैं। देश में लंबित मुकदमों की संख्या कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है-न केवल निचली अदालतों में, बल्कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी। निचली अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। पांच साल पहले निचली अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या 2.9 करोड़ थी। अब उनकी संख्या 4.4 करोड़ पहुंच गई है। यह स्थिति गहन चिंता का विषय बननी चाहिए, क्योंकि इससे यही पता चलता है कि न्यायिक व्यवस्था चरमरा रही है। यह तथ्य चकित करने वाला है कि केंद्र सरकार ही 6.3 लाख मुकदमों में पक्षकार है। जब केंद्र सरकार इतने अधिक मुकदमे लड़ रही है तो फिर यह सहज ही समझा जा सकता है कि राज्य सरकारें भी बड़ी संख्या में मुकदमे लड़ रही होंगी। वास्तव में इस एक कारण से भी निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक हालिया आंकड़े के अनुसार हर तरह के न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या पांच करोड़ से अधिक पहुंच गई है। देश में कानूनमुक्त शासन व्यवस्था स्थापित करने पर चिन्तन होना चाहिए।

सडकों पर घूम रहे अन्ना पशुओं को तत्काल भेजें गौशाला: डीएम

सडक सुरक्षा पखवाडे में न हो हादसे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्रनाथ से कहा कि प्रमुख चैराहों पर सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ आदि में परिवहन विभाग व यातायात विभाग ने जो जगह चिन्हित की है, वहां तत्काल कार्यों को करा दें। जिन मुख्य सड़कों पर पुलिया या पुल संकरे हैं, वहां भी साइन बोर्ड लगायें।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यात्री कर अधिकारी परिवहन व यातायात विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन का प्रयोग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवर लोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। शासन के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े में सभी संबंधित अधिकारियों से तालमेल कर अभियान चलाकर जन जागरूकता की जाये।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बीएसए से कहा कि प्रार्थना के समय सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य को निर्देश दें कि बच्चों को सड़क सुरक्षा की बाबत जानकारी दें। निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता से प्रचार-प्रसार करायें। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व यातायात अधिकारियों से कहा कि भारी वाहन नोइंट्री के बाद शहर में प्रवेश करते हैं, उनका चालान करें।

सड़कों के अगल-बगल शहर में भारी वाहन खड़े होने पर कार्यवाही की जाए, क्योंकि खड़े वाहनों से तमाम हादसे होते हैं। इसे रोकने को प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए। एडीएम से कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों को सड़कों में घूम रहे अन्ना पशुओं को तत्काल गौशालाओं में भेजने को पत्र लिखें। किसी भी दशा में अन्ना पशु सड़कों पर नहीं मिलने चाहिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि पेट्रोल पंप पर हेलमेट, सीटबेल्ट को बैनर-पोस्टर से जन जागरूकता करायें। चालकों-परिचालकों के लिए नेत्र शिविर लगायें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण भी करायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा जन जागरूकता के तहत शासन से मिले निदेर्शों का अनुपालन करायें।

बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर रामजन्म यादव, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीएसओ संजय मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

एआरटीओ ने सडक सुरक्षा पखवाडे में की बडे पैमाने पर कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने सडक सुरक्षा पखवाडा 17 से 31 जुलाई तक सम्भागीय निरीक्षक गुलाबचन्द्र व यात्री एवं मालकर अधिकारी डॉ संतोष कुमार तिवारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी के अधीक्षक डॉ योगेन्द्र प्रताप सिंह व नेत्र परीक्षक राधेकृष्ण की मौजूदगी में चालक-परिचालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण को शिविर लगाया।

सोमवार को एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला ने बताया कि शिविर में चालक-परिचालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। प्रदूषण जांच केन्द्र की जांच की गई। मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की जांच हुई। माडीफाइड साइलेंसर, हूटर, प्रेसर हार्न एवं शीशे पर काली फिल्म जांच की गई।

उन्होंने कहा कि ऐसे वाहन मिलने पर कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक भी हुई।

डीएम के निर्देश पर गांवों में एंटी लारवा का हुआ छिडकाव

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शासन के निदेर्शों पर जिले में एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 17 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अगुवाई में जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने जिले की मलेरिया टीम ने संचारी रोग व घर-घर दस्तक अभियान के तहत गांवों में जलभराव स्थलों पर एंटी लारवा का छिडकाव किया।

सोमवार को जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने अरखन पुरवा, हरिहरपुर, शिवरामपुर में जलभराव स्थलों पर एंटी लारवा का छिड़काव एवं पोस्टर व पम्पलेट बांट कर संचारी रोग से बचाव को प्रचार-प्रसार कर ग्रामीणों को जागरूक किया। चुन्हा पुरवा, अगरहुंडा, कलवारा बुजुर्ग में सूकर पालकों को संवेदीकरण किया। जिला मलेरिया टीम ने गर्ल्स हाईस्कूल ददरीमाफी, राजकीय हाईस्कूल मंडौर मऊ, राजकीय हाईस्कूल शिवरामपुर, राजकीय इंटर कॉलेज बरगढ़, पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज हरदीकला मऊ, गर्ल्स हाईस्कूल बियावल मऊ, राजकीय हाईस्कूल भरतकूप में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के प्रति जागरूक किया।

स्टेडियम में खेल सुविधाओं का खिलाडी लें लाभ: विवेक अग्रवाल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खेलों के विकास को स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार, युवा कल्याण अधिकारी उपाध्याय व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उदयभान, गिरीश अग्रवाल, खेल अनुदेशक श्याम सुंदर यादव, खेल अनुदेशक श्री कृष्ण, खेल प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव, प्रशिक्षक क्रिकेट फिरोज अंसारी, एथलीट सपना देवी, तुषारकांत सिंह, प्रतिभा सिंह, अख्तर हुसैन ने बैठक में हिस्सा लिया।

सोमवार को बैठक में विवेक अग्रवाल ने कहा कि सात-आठ वर्ष पहले उन्हें जिला ओलंपिक संघ की जिम्मेदारी मिली थी, तब से लेकर आज तक खेलों में जो विकास देखने को मिला है, वह पहले नहीं देखा। स्टेडियम में खेल सुविधायें बढ़ रही है। खिलाड़ियों को लाभ लेना चाहिए। युवा कल्याण अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जल्द सब जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगितायें होंगी। खेल संघों का सहयोग लिया जाएगा। श्याम सुंदर ने कहा कि आने वाले समय में खेल की ढेरों सुविधायें स्टेडियम में मिलेगी।

इसका लाभ बेसिक शिक्षा विभाग के खिलाड़ियों को भी मिलेगा।

गिरीश अग्रवाल ने कहा कि स्टेडियम में खेलों की सुविधायें क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार के आने से बढ़ी हैं। यहां पर खेलकूद की प्रक्रिया आगे बनेगी। बैडमिंटन हॉल का बनना, जिम हाल का बनना, इस बात के उदाहरण हैं। श्री कृष्ण ने एथलीटों से अपील की है कि स्टेडियम में आकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

दो दम्पतियों के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में दो दम्पतियों के आपसी विवाद में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

सोमवार को राजापुर थाना क्षेत्र के खटवारा गांव के मझगवां की श्रीमती निशा पत्नी मुकेश ने पति मुकेश पुत्र वीरेन्द्र निवासी मझगवां के दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने व राजापुर थाने के जमौली भदेदू के राजकुमार पुत्र जुगराज निषाद ने पत्नी आरती देवी के मायके से न आने की बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया था।

पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह भदौरिया को विवाद सुलझाने के निर्देश दिये। उन्होंने शिकायतकताओं की बातों को विस्तार से सुन-समझकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

आपसी सुलह होने पर दोनों दम्पतियों ने प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को तालमेल से रहने का भरोसा दिया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रहे।

जिला मुख्यालय में पहली बार मुस्लिम भाई नहीं मना रहे मोहर्रम पर्व

कब्रिस्तान में ताजिया रखने की नहीं मिल रही अनुमति

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राम-रहीम के क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता की प्रतीक धर्मनगरी में मोहर्रम पर्व प्रशासन के पूर्व की भांति ताजिया निकालने की अनुमति न देने से मुस्लिम समुदाय के लोग शहर मुख्यालय में मोहर्रम पर्व इस बार नहीं मना रहे। 20 जुलाई से मोहर्रम पर्व शुरू हो गया था, दस दिनों तक मुस्लिम भाइयों को मोहर्रम पर्व मनाना था। मोहर्रम के पांचवे दिन, मुस्लिम भाई त्योहार नहीं मना रहे।

सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से नियम कायदों से मोहर्रम पर्व मनता था। मोहर्रम पर्व जिस रुट पर मनाया जाता था, उनके पुरखों के समय से शहर के लक्ष्मणपुरी स्थित कब्रिस्तान में ताजिए को कुछ देर को रखकर बुजुर्गों की कब्र में दुआ की जाती थी। प्रशासन ने रोक लगा दी है।

मुस्लिम भाइयों का कहना है कि 1981 से कब्रिस्तान की जमीन वक्फ/दान की गई थी। लगातार मोहर्रम पर्व में ताजिया रखकर फातिहा करते थे। कब्रिस्तान के पड़ोसी भाजपा नेता पवन बद्री कब्रिस्तान को खत्मकर इस स्थान पर पार्क बनाने को अड़े हैं। कब्रिस्तान में दाखिल होने पर रोक लगा रहे हैं। कब्रिस्तान में जाने की जब तक अनुमति नहीं दी जाती, तब तक मोहर्रम पर्व नहीं मनायेंगे। भाजपा नेता पवन बद्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के नियमानुसार शहर मुख्यालय में कब्रिस्तान या श्मशान नहीं होना चाहिए। शहर के अंदर कब्रिस्तान होने से उन्हें दिक्कत है। मंडलायुक्त बांदा के न्यायालय में ममला विचाराधीन है। शासन से मांग की है कि कब्रिस्तान के अंदर किसी भी तरह की गतिविधियां न की जाए। मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान अध्यक्ष अमीर हसन ने कहा कि पिछले कई वर्षों से इस कब्रिस्तान में मोहर्रम पर्व में ताजिया रखकर दुआ तिलावत करते आ रहे हैं। होली और शबे बारात के पर्व में हुई पीस कमेटी की बैठक दौरान कब्रिस्तान का मामला उठा था। पुलिस प्रशासन ने लिखा-पढ़ी से समझौता कराया था। शबे बारात और होली में दोनों पक्ष कब्रिस्तान में दाखिल नहीं होंगे। समझौता पत्र पर कोतवाल ने बाद में ये लिख दिया कि किसी भी त्योहार में दोनों पक्ष कब्रिस्तान में मामला विचाराधीन होने तक नहीं जाएंगे, जबकि वह समझौता होली और शबे बारात के लिए था।

ऐसे में पुलिस प्रशासन कब्रिस्तान में जाने की इजाजत नहीं दे रहा। शहर मुख्यालय कमेटी इस वर्ष सौहार्द बनाए रखने को मोहर्रम पर्व नहीं मनाएगी। कब्रिस्तान अध्यक्ष अमीर हसन ने कहा कि कब्रिस्तान के सभी मूल दस्तावेज व गजट हैं। कब्रिस्तान को वक्फ किया था। पूर्व के अन्य समझौतों की कॉपी मौजूद है। भाजपा नेता पवन बद्री मामले को तूल दे रहे हैं। मुस्लिम समुदाय के तमाम लोगों ने उटारखाने के सामने स्थित इमामबाड़े में बैठक कर इस बारे में चर्चा कर पर्व न मनाने पर जोर दिया।

डेढ़ किलो गांजा समेत एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुबीर सिंह की टीम ने अवधेश प्रसाद पुत्र सत्यनारायण निवासी अकबरपुर के कब्जे से डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया है। गांजा बरामदगी की बाबत थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुबीर सिंह, दीवान कल्लू खां, सिपाही अजीज उद्दीन शामिल रहे।

राजापुर पुलिस ने वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा बलदेव सिंह की टीम ने वारंटी महेश पुत्र जागेश्वर निवासी कलवलिया को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा बलदेव सिंह, सिपाही विजय शामिल रहे।

डीएम ने आवास निर्माण को किया भूमि पूजन, समय सीमा में करें निर्माण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट आवास सोनेपुर परिसर में टाइप फोर के चार नग आवासों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

सोमवार को जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता आवास विकास को निर्देश दिए कि शासन से आवासों के निर्माण की समय सीमा निर्धारित है। शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण होने चाहिए। जहां आवासों का निर्माण हो रहा है, वहां सड़क भी बनाई जाए। पेयजल को बोरिंग करायें। उन्होंने एडीएम से कहा कि जो शेष भूमि परिसर में है उस पर भी आवासों के निर्माण को जगह चिन्हित कर प्रस्ताव शासन को भेजे जायें, ताकि आवास बन सकें।

इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एक्सईएन आवास विकास विकास गौतम, सहायक अभियंता प्रदीप गुप्ता, अवर अभियंता अनूप कुमार, विमल आदि मौजूद रहे।

किसानों के प्रति खासे चिंतित हैं विधायक अनिल प्रधान, चिल्लीमल नहर चलवाने को एक्सईएन को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान किसानों व आम जनता के प्रति हमेशा फिक्रमन्द रहते हैं। इसी फिक्री के चलते उन्होंने लघुडाल नहर बांदा के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा है कि चिल्लीमल पम्प कैनाल ठीक ढंग से नहीं चल रही। इससे किसानों को परेशानी हो रही है।

सोमवार को सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने लघुडाल नहर बांदा के अधिशाषी अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि जिले में चिल्लीमल पम्प कैनाल सही ढंग से नहीं चल रही। नहर के सही ढंग से न चलने से सैकडों गांवों के तमाम किसान बेहद परेशान हैं। नहर के पूरी क्षमता से न चलने से किसानों को धान की रोपाई करने में भारी परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि कई बार दूरभाष से अवगत कराया है। फिर भी अधिशाषी अभियंता कोई ठोस पहल नहीं कर रहे। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में पूरी चिल्लीमल नहर में पानी चलवाने की कार्यवाही कर उन्हें भी अवगत करायें।

31 जुलाई तक किसान खरीफ फसलों का करायें बीमा: राजकुमार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने किसानों से कहा कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2023-24 लागू हो गयी है। जिले में फसल बीमा को धान, अरहर, तिल, ज्वार, बाजरा की फसलों को अधिसूचित किया है।

सोमवार को उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने किसान भाइयों से कहा कि 31 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। गैर ऋणी कृषक, जो केसीसी धारक नहीं है अपनी फसलों का बीमा जनसेवा केन्द्रों में करा सकते हैं अथवा विकासखण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर अभिलेखों समेत खतौनी, आधारकार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नम्बर, फोटो आदि समेत सम्पर्क कर फसलों को बीमित करा सकते हैं। ऋणी कृषक केसीसी धारक सम्बन्धित बैंक शाखा से फसलों को बीमित किया जाता है। केसीसी धारक किसान फसल बीमा नहीं कराना चाहते तो सम्बन्धित बैंक शाखा को लिखित सूचित करें।

उन्होंने कहा कि ऐसा न करने पर किसान भाइयों की सहमति मानते हुये बोई गई फसलों को बैंक से बीमित कर प्रीमियम की धनराशि सम्बन्धित बीमा कम्पनियों को भेज दी जायेगी। जिले में यूनीवर्सल सोम्पों जनरल इन्योरेन्स कम्पनी लि कार्यरत हैं। खरीफ फसलों का बीमा कराने को किसानों को मात्र दो फीसदी प्रीमियम की धनराशि देनी होगी। शेष प्रीमियम की धनराशि केन्द्र व राज्य सरकार देगी। किसान भाइयों से कहा कि अधिक से अधिक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठायें। किसी प्रकार की आपदा होने पर फसल क्षतिपूर्ति में सहायता मिल सके। खरीफ मौसम में फसल बीमा कराने को अन्तिम तिथि 31 जुलाई है।

बांग्लादेश में आतंकी समूह जमातुल अंसार फिल हिंदाल शरकिया का महमूद दो साथियों के साथ पकड़ा गया

ढाका। बांग्लादेश की नाक में दम करने वाले आतंकी समूह जमातुल अंसार फिल हिंदाल शरकिया का अमीर मोहम्मद अनीसुर रहमान उर्फ महमूद दो साथियों के साथ रैपिड एक्शन बटालियन के हत्थे चढ़ गया। इन तीनों की गिरफ्तारी सोमवार सुबह मुंशीगंज के लौहाजंग में इनके ठिकाने पर मारे गए छापे के दौरान हुई है। रैपिड एक्शन बटालियन के विधि और मीडिया प्रकोष्ठ के निदेशक कमांडर खांडेकर अल मोइन ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इनके पास से स्थानीय और विदेशी आग्नेयास्त्र, बम बनाने के उपकरण, चरमपंथी पर्चे और नकदी जब्त की गई। सुबह 11ः30 बजे राजधानी ढाका के कवरान बाजार स्थित बटालियन के मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरा विवरण जारी किया जाएगा।

सूडान में क्रैश हुआ सिविल एयरक्राफ्ट, हादसे में 4 सैनिकों सहित 9 की मौत

सूडान । पोर्ट सूडान हवाई अड्डे पर एक नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इस हादसे में चार सैन्यकर्मियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई। सूडानी सेना ने कहा कि तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ। इस भीषण दुर्घटना में भी एक बच्ची बच गई है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अरब न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सिविल एयरक्राफ्ट सूडान के पोर्ट सूडान एयरपोर्ट से उड़ान भर रहा था। अचानक उसमें तकनीकी खराबी आ गई और प्लेन टेकऑफ करते समय ही क्रैश हो गया। हादसा इतना भीषण था कि प्लेन में सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

सैन एंटोनियो के एक मकान में आग लगने से तीन लोगों की मौत, तीन झुलसे

अमेरिका के सैन एंटोनियो में तड़के एक मकान में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। दमकल विभाग के प्रमुख ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो अन्य एक पुरुष और एक बच्चे की मौत अस्पताल में हुई। सैन एंटोनियो अग्निशमन विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड के मुताबिक अस्पताल में भर्ती तीन लोगों की हालत गंभीर है। हुड ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और शनिवार तड़के आग पर काबू पाया गया।

अमेरिका के मोंटाना कंट्री क्लब में दुर्घटना, 25 लोग घायल

अमेरिका के सैन एंटोनियो में तड़के एक मकान में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। दमकल विभाग के प्रमुख ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो अन्य एक पुरुष और एक बच्चे की मौत अस्पताल में हुई। सैन एंटोनियो अग्निशमन विभाग के प्रमुख चार्ल्स हुड के मुताबिक अस्पताल में भर्ती तीन लोगों की हालत गंभीर है। हुड ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन कर्मी मौके पर पहुंचे और शनिवार तड़के आग पर काबू पाया गया।



इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में नौका पलटी, 15 की मौत, 19 लापता

जकार्ता। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास यात्री नौका पलटने से 15 लोगों की मौत हो गई। इस नौका दुर्घटना में 19 अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी राहत और बचाव अभियान प्रमुख मुहम्मद अराफा ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि इस नौका में क्षमता से ज्यादा यात्री सवार थे।

यह नौका दक्षिण-पूर्व सुलावेसी प्रांत के बुटन सेंट्रल रीजेंसी के लांटो गांव से पास के लागिली गांव जा रही थी। इस नौका में 40 लोग सवार थे। इसकी क्षमता 20 लोगों की थी।

अराफा ने कहा कि बचावकर्मी और गोताखोर 19 लोगों की तलाश कर रहे हैं। 15 शव बरामद हो चुके हैं। छह लोगों को बचा लिया गया है। सेंट्रल रीजेंसी की नौवीं वर्षगांठ मनाने के लिए लोग यहां पहुंचे। कई लोगों को मछली पकड़ने या यात्री नौकाओं से यहां लाया गया था।

उल्लेखनीय है इंडोनेशिया 17,000 से अधिक द्वीप हैं। यहां आवागमन के लिए नौका परिवहन बड़ा संसाधन है। 2018 में लगभग 200 लोगों से भरी नौका उत्तरी सुमात्रा प्रांत की एक झील में डूब गई थी। इस हादसे में 167 लोगों की मौत हो गई थी। फरवरी 1999 में यात्री जहाज डूब गया था। इसमें 332 लोग सवार थे। इनमें से मात्र 20 लोगों को खोजा जा सकता।

सूडान में विमान हादसा, चार सैनिकों समेत नौ की मौत

काहिरा। अफ्रीकी देश सूडान के पोर्ट सूडान एयरपोर्ट पर देररात टेकऑफ करते समय एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चार सैनिकों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक बच्ची घायल हुई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सूडान की सेना ने कहा है कि यह हादसा विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण हुआ। उड़ान के समय इस विमान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद उसे उतारने का फैसला किया गया। उल्लेखनीय है कि 15 अप्रैल को सशस्त्र बलों और प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से पोर्ट सूडान प्रवासियों, राजनयिक मिशन के सदस्यों और उत्तरी अफ्रीकी देश से भाग रहे सूडान के नागरिकों के लिए प्रमुख निकासी बिंदु बन गया है। यह लड़ाई 100वें दिन में प्रवेश कर गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हिंसा में कम से कम 1,136 लोग मारे गए हैं। अनुमान है 30 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इनमें से सात लाख लोग पड़ोसी देश मिस्र, चाड और दक्षिण सूडान पहुंचे हैं।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य चुआन ने नेपाल के राष्ट्रपति संग की बैठक

काठमांडू। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के पोलित ब्यूरो सदस्य चुआन ची चुन ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल से मुलाकात की तथा राष्ट्रपति आवास पर उनके साथ बैठक भी हुई है। नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। बैठक में नेपाल में चीन के राजदूत चेन सोंग ने भी हिस्सा लिया।

इसी तरह नेपाल दौरे पर आये चीनी नेता चुआन ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' से वर्चुअल संवाद किया। प्रचंड के सचिवालय ने बताया कि इटली से वर्चुअल संवाद हुआ है।

चुआन के नेतृत्व में सीसीपी की 26 सदस्यीय टीम नेपाल आयी थी। टीम तीन दिनों तक नेपाल में रहेगी। वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के विश्वासपात्र हैं। उनकी यात्रा को नेपाल में दिलचस्पी से देखा गया है।हाल ही में चीनी नेताओं का नेपाल दौरा तेज़ हो गया है। वह संदेश दे रहे हैं कि नेपाल उनकी प्राथमिकता है।



भाजपा के साथ दोस्ताना संबंधः माओवादी उपाध्यक्ष भुसाल

काठमांडु। नेपाल में सरकार का नेतृत्व कर रहे सीपीएन (माओवादी सेंटर) के उपाध्यक्ष पंफा भुसाल ने कहा है कि उनकी पार्टी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ दोस्ताना संबंध हैं। अपनी भारत यात्रा से पहले काठमांडू में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह भाजपा के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को मजबूत करने के लिए यात्रा पर जा रही हैं। भुसाल ने कहा, यह यात्रा भाजपा और हमारी पार्टी के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए है।उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ उनके दोस्ताना संबंध हैं और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के साथ भाईचारे के रिश्ते हैं। भाजपा के निमंत्रण पर माओवादी नेताओं ने रविवार से छह दिवसीय दौरा शुरू किया है। भ्रमण दल में माओवादी उपाध्यक्ष भुसाल के साथ सचिव चक्रपाणि खनाल, स्थायी समिति सदस्य सत्या पहाड़ी, केंद्रीय सदस्य रामेश्वर यादव व सुरेश कुमार राय शामिल हैं। माओवादियों से रिश्ते मजबूत करने के लिए भाजपा ने इस दौरे का औपचारिक निमंत्रण दिया था।

चीनी विदेश मंत्री एक महीने से लापता, राष्ट्रपति से दुश्मनी या अमेरिकी टीवी एंकर से अफेयर पड़ा भारी?

वाशिंगटन। चीन के 57 वर्षीय विदेश मंत्री किन गैंग को एक महीने से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। वह अपने तय कार्यक्रमों में विदेशी नेताओं से नहीं मिल रहे हैं। चीन का विदेश मंत्रालय भी उनके बारे कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। इसके चलते चीन में अटकलों का दौर तेज हो गया है। कुछ लोगों का मानना है कि चीन के विदेश मंत्री तो टीवी एंकर के साथ अफेयर करना महंगा पड़ गया। वहीं कुछ का कहना है गैंग की लोकप्रियता के कारण राष्ट्रपति उनके दुश्मन बन गए हैं। ऐसे में एक बार फिर से चीन में बड़े फेरबदल की आशंका जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, किन को संयुक्त राज्य अमेरिका में राजदूत के रूप में एक संक्षिप्त कार्यकाल के बाद दिसंबर में विदेश मंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया था। **वाशिंगटन को लगाई थी फटकार** गैंग पेशेवर राजनयिक हैं और उन्हें चीनी नेता शी जिनपिंग के भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है। विदेश मंत्री के रूप में किन ने अमेरिका के ऊपर छोड़े गए एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे के मुद्दे पर वाशिंगटन को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी खटास आ गई थी। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच खराब संबंधों को सुधारने और बातचीत बहाल करने के प्रयासों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसमें जून के मध्य में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की बीजिंग यात्रा के दौरान मुलाकात शामिल है।**आइए आपको चीन के विदेश मंत्री किन गैंग के बारे में कुछ बताते हैं** – किन गैंग साल 2022 के दिसंबर में चीन के विदेश मंत्री बने थे। वह अपने जवाब देने और कूटनीतिज्ञ के रूप में जाने जाते हैं। गैंग ने 10 साल तक विदेश मंत्री रहे वांग यी का स्थान लिया था। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने हाल ही में चीन के अपनाए गए 'वुल्फ वॉरियर' वाले डिप्लोमेटिक स्टाइल से खुद को अलग कर लिया था। इसकी वजह कम्युनिस्ट सरकार के नेतृत्व से उनकी नाराजगी थी। गैंग ने कहा था कि साल 2020 में पश्चिम में चीन की छवि खराब हो गई थी। इसका कारण यूरोपीय और अमेरिकियों, खासतौर पर मीडिया ने कभी भी चीन की राजनीतिक व्यवस्था या उसके आर्थिक उत्थान को स्वीकार नहीं किया था। संयुक्त राज्य अमेरिका में राजदूत के रूप में कार्य करते हुए किन ने वाशिंगटन में सार्वजनिक और मीडिया कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ाई थी। इसमें उन्होंने चीन के हालातों के बारे में बताया था। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग को 4 जुलाई को यूरोपीय यूनियन के फॉरेन पॉलिसी चीफ जोसेफ बोरेल से मिलना था, लेकिन इस बैठक की तारीख अचानक से आगे बढ़ा दी गई। बोरेल को दो दिन पहले इसकी जानकारी दी गई और बैठक टालने का कोई कारण भी नहीं बताया गया। मंत्री के रूप में जब उनकी नियुक्ति हुई तो गैंग ने अफ्रीका, यूरोप और मध्य एशिया का दौरा किया।

एक बार फिर से उड़ गई Twitter की चिड़िया, एलन मस्क ने नाम और Logo भी किया चेंज

वाशिंगटन। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने एक बार फिर से ट्विटर का लोगो बदल दिया है। अब ट्विटर पर चिड़िया नहीं ङ्ग दिखेगा। मस्क ने कहा कि अब ङ्ग.ष्श्वद्व ओपन करने से twitter ओपन हो जाएगा। अब ट्विटर को ट्विटर नहीं बल्कि ङ्ग कहा जा सकता है, हालांकि अभी Twitter.com डोमेन भी एक्टिव रहेगा, लेकिन ये कब तक एक्टिव रहेगा इसके बारे में जानकारी नहीं है। मस्क ने ट्वीट करके कहा था कि इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का लोगो बदल जाएगा।मस्क ने कहा,''जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सभी पक्षियों' को अलविदा कहते हुए अपना लोगो बदल देगा।' उन्होंने ट्वीट किया,''अगर आज रात एक अच्छा 'XÓ लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम सोमवार इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे।'वह ट्विटर को खरीदने के बाद एक के बाद एक नए बदलाव कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा ट्विटर पर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) करने के लिए भी पैसे देने होंगे। मस्क ने लिखा कि वह चाहते हैं कि नया लोगो ''हम सभी की उन खामियों को मूर्त रूप दे जो हमें अद्वितीय बनाती हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 के अंत में, ट्विटर के 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया। यह वर्ष 2006 में स्थापित एक अमेरिकी कंपनी थी और इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में था। वर्ष 2006 में मस्क द्वारा स्थापित एक्स कॉर्प के साथ विलय के परिणामस्वरूप ट्विटर कॉरपोरेशन का एक अलग कंपनी के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया। उन्होंने जून की शुरुआत में संकेत दिया था कि वह प्लेटफ़ॉर्म की पूरी क्षमता को उजागर करने के लिए ट्विटर को रीब्रांड करने पर विचार कर रहे हैं। मस्क ने अपनी ज्यादातर कंपनियों के नाम और लोगो में एक्स को शामिल किया है। उनकी की स्पेस 'एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कार्पोरेशन' कंपनी का नाम एक्पेस एक्स भी एक्स से मिलकर बना है। अब वह ट्विटर की चिड़िया लोगो को भी 'एक्स' से बदलने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा,''लोगो ऐसा ही होगा लेकिन उसमें एक्स होगा।

बैंकों को गरीब ऋण बकाएदारों से संवेदनशील तरीके से निपटने की जरूरतः सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों से कहा कि वे ऋण भुगतान मुद्दों को संवेदनशीलता और मानवीय भावना के साथ निपटाएं।

निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान जब वित्त राज्य मंत्री भागवत किशनराव कराड खराब ऋण बकाएदारों से निपटने के दौरान बैंकों की रणनीति पर एक शिवसेना सदस्य के सवाल का जवाब दे रहे थे, तो सीतारमण ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यह एक संवेदनशील मामला है, जिसे अक्सर सरकार के ध्यान में लाया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि कुछ निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऋण पुनर्भुगतान के मामले में कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के माध्यम से ऐसे मामलों को मानवीय आधार पर निपटने के बारे में बैंकों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों, चाहे सार्वजनिक हों या निजी, उनको निर्देश दिया गया है कि वे छूटी हुई ऋण किश्तों के भुगतान के मुद्दे पर गरीब किसानों के साथ मानवीय और संवेदनशील तरीके से निपटें।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

यूक्रेन के ड्रोन से मॉस्को भी सुरक्षित नहीं? रूसी रक्षा मंत्रालय ने किया हमले का दावा, लोगों में दहशत

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को अब करीब डेढ़ साल होने वाले हैं। इस बीच जहां रूस की सेना लगातार यूक्रेन में अपने हमलों को तेज कर रही है, वहीं यूक्रेनी सेना भी जबरदस्त पलटवार में जुटी है। कुछ दिनों पहले ही रूस ने दावा किया था कि यूक्रेन के कुछ ड्रोन राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास तक पहुंच गए। इस बीच अब एक बार फिर रूस के रक्षा मंत्रालय के पास ड्रोन्स के कुछ टुकड़े पाए गए हैं, जिससे मॉस्को में हलचल मच गई है। रूस का कहना है कि सोमवार सुबह यूक्रेन के दो ड्रोन्स को मॉस्को के आसमान में मार गिराया गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर आरोप लगाया कि कीव ने मॉस्को में ड्रोन्स के जरिए आतंकी घटना को अंजाम देने की कोशिश की। हालांकि, इन हमलों को रोक लिया गया। दोनों यूक्रेनी ड्रोनों को कुचल दिया गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं, मॉस्को के मेयर ने बताया कि हमला सोमवार तड़के 4 बजे हुआ। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। इस बीच रूस की एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने हमले वाली जगहों का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक बड़ी इमारत टूटी देखी जा सकती है। इनमें से एक मंत्रालय के करीब शहर के केंद्र में जा गिरा। यूक्रेन ने एक दिन पहले ही ओडेशा स्थित काला सागर बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमले का बदला लेने की बात भी कही थी। **रक्षा मंत्रालय के पास से बरामद हुए ड्रोन के टुकड़े** रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, ड्रोन्स के यह टुकड़े मॉस्को की कोम्सोमोल्स्की एवेन्यू से बरामद किए गए हैं। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि यह ड्रोन्स पहले से इस हालत में मिले हैं या इन्हें मार गिराया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं है। बताया गया है कि दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण मॉस्को के रहने वाले कुछ लोगों ने धमाकों की आवाजें भी सुनी थीं। गौरतलब है कि कोमसोमोल्स्की एवेन्यू रूस के केंद्रीय प्रशासनिक जिले के करीब है, जहां से रूस का रक्षा मंत्रालय भी काफी नजदीक है। **मई में पुतिन के आवास के करीब देखे गए थे ड्रोन** इससे पहले इसी साल मई में रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या के लिए उनके आवास पर ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। क्रेमलिन ने इसे आतंकवादी कृत्य करार दिया था और जवाब देने के उसके अधिकार तहत कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी थी। रूस की तरफ से पूरी घटना का ब्योरा देते हुए कहा गया था कि दो मानवरहित व्हीकल (ड्रोन) को रूस की ओर भेजा गया था। उनके निशाने पर राष्ट्रपति पुतिन का आवास था। ड्रोन्स को मार गिराया गया। हमले में पुतिन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।



ओवल ऑफिस में बाइडन–मोदी की गुप्त बैठक में चीन था मुख्य मुद्दा, वरिष्ठ अफसर का खुलासा

वाशिंगटन।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन की पिछले महीने हुई गुप्त मुलाकात को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का कहना है कि ओवल कार्यालय में बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने चीन और उसके प्रमुख शी जिनपिंग पर सबसे अधिकचर्चा की। चीन से संबंध सुधारने के लिए की कड़ी मेहनतनाम न छापने की शर्त पर बात करने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि ओवल कार्यालय में हुई बैठक में मोदी और बाइडन के बीच हुई चर्चा का प्रमुख मुद्दा चीन था। दोनों ने अधिकांश समय चीन और शी के साथ उनके अनुभवों के बारे में चर्चा करने में बिताया था। उन्होंने कहा कि दोनों ही लोग शी को लंबे समय से जानते थे और उनके साथ संबंध सुधारने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे थे। हालांकि,अब दोनों नेताओं ने हार मान ली। ड्रैगन एक बड़ा खतरा

अधिकारी ने कहा कि चीन हमारे रिश्तों को जोड़ने के लिए जरूरी नहीं है। लेकिन वह एक कारण है, जिसकी वजह से हम काफी लंबे समय तक एक साथ रहने वाले हैं। अधिकारी ने आगे कहा कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों का मानना है कि चीन उनके लिए एक बड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा है। बाइडन प्रशासन सोचता है कि बीजिंग को संभालने के मामले में नई दिल्ली वाशिंगटन से आगे रही है। पिछले महीने अमेरिका गए थे पीएम मोदी गौरतलब है, प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 जून के बीच अमेरिका की राजकीय यात्रा पर थे। 22 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुबह व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री का स्वागत किया था। बाद में उसी दिन शाम को राजकीय रात्रिभोज में बाइडन और मोदी ने आठ घंटे से अधिक समय तक एक साथ समय बिताया था। चीन से मुकाबला करने में भारत आगेअधिकारी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार मामलों की अवर सचिव उजरा जेया ने कुछ हफ्ते पहले नई दिल्ली में दलाई लामा के साथ एक बैठक की थी और चीन के लोग इसे लेकर पागल हो गए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय कुछ मायनों में हमसे आगे थे। चीन के खतरे का मुकाबला करने के मामले में भारत आगे है।